Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 290 | बुधवार, 22 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


# आसान नहीं असरानी होना: दिग्गज कलाकार गोवर्धन असरानी का 84 साल की आयु में निधन

**दिल्ली**। अल्लामा इकबाल की ये पंक्तियां असरानी के जीवन से चरितार्थ होती हैं। भारतीय फिल्म और रंगमंच के दिग्गज कलाकार गोवर्धन असरानी की देह बीत गई। 84 साल की आयु में अंतिम सांस लेने वाला ये दिग्गज कलाकार हर आयु वर्ग में लोकप्रिय और मशहूर रहा। आज भी दशकों पुरानी फिल्म शोले का आइकॉनिक डायलॉग 'हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं' लाखों-करोड़ों अधरों पर मुस्कान बिखेर देता है। अब जबकि असरानी हमारे बीच नहीं हैं, उनके मैनेजर बाबू भाई थीबा ने एक ऐसी बात साझा की है, जो उनके चाहने वालों को भावुक करने के साथ-साथ प्रेरित भी करती है।

**अंतिम विदाई में वे एक आम आदमी की तरह जाना चाहते हैं**

दरअसल, शोहरत की बुलंदियों और कामयाबी की तमाम रेखाओं को छूकर गुजरने के बाद भी आदमी कितनी सादगी से अपना जीवन गुजार सकता है, असरानी इसकी मिसाल हैं। मैनेजर बाबू भाई थीबा ने बताया कि असरानी कहा करते थे, अपनी अंतिम विदाई में वे एक आम आदमी की तरह जाना चाहते हैं। एक अन्य दिग्गज कलाकार जो उम्र में भले ही असरानी से 15 साल छोटे हैं, लेकिन वे भी आज किसी परिचय के मोहताज नहीं, उन्होंने भी असरानी की इस बात को प्रेरणा माना है। असरानी के जीवन से जुड़ा ये प्रसंग हम सबको जानना चाहिए, जिससे आने वाले समय में ये बात करोड़ों लोगों के जीवन में प्रकाश पुंज की तरह चमकता रहे।

**खामोशी से दुनिया छोड़ने की इच्छा रखते थे असरानी**



मैनेजर बाबू भाई थीबा ने बताया, 'असरानी साहब ने मुझे और अपनी पत्नी मंजू को बताया था कि वे बहुत ही साधारण इंसान हैं और एक आम इंसान की तरह ही इस दुनिया से विदा लेना चाहते हैं। वे फिल्मी सितारों को दी जाने वाली विदाई की तरह कोई फिजूलखर्ची नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा था, 'जिस तरह मैंने शांति और सादगी से जीवन जिया है, उसी तरह मैं विदा भी लेना चाहता हूं।' इसीलिए हमने उनका अंतिम संस्कार निजी तौर पर किया।'

बता दें कि 20 अक्तूबर को जब देश दीपावली के जश्न में डूबा था तभी देर शाम असरानी के निधन की बात सामने आई। यह खबर तब सार्वजनिक हुई जब उनके परिवार ने उनका अंतिम संस्कार करने के बाद इसकी जानकारी दी। यहां तक कि फिल्म उद्योग से जुड़ी हस्तियों को भी भी दाह संस्कार के बाद तक उनके निधन के बारे में पता नहीं था। निधन की अगली सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम लोगों ने शोक प्रकट किया।

### प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से व्यक्त भावनाओं का आभार

असरानी के साथ अपने अनुभवों को याद कर मैनेजर बाबू भाई ने बताया कि वे दो दशकों से अभी अधिक समय उनके साथ रहे। बाबू भाई ने कहा, 'इन 20 वर्षों में मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने मुझे एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। असरानी परिवार की ओर से, मैं एक्स के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से व्यक्त की गई भावनाओं के लिए उनका भी शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने उन्हें याद किया। असरानी साहब हमेशा यादों में रहेंगे। दर्शकों ने उन्हें जिस तरह सराहा, वह हमेशा यादगार रहेगा।'

निधन के बाद खामोशी से हुए अंतिम संस्कार का कारण बताने के अलावा बाबू भाई ने भी बताया कि दिग्गज अभिनेता को उनके निधन से चार दिन पहले मुंबई के जुहू में भारतीय आरोग्य निधि अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा, 'वह 15 दिनों से कमजोरी महसूस कर रहे थे। चार दिन पहले सांस लेने में गंभीर तकलीफ होने के कारण उन्होंने डॉक्टर से मुलाकात की। चिकित्सीय सलाह के बाद, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और हमें शूटिंग रद्द करनी पड़ी। शुरूआत में, सुधार के संकेत दिखे, लेकिन तीसरे दिन उनकी हालत बिगड़ती चली गई। चौथे दिन उनका निधन हो गया।' गौरतलब है कि असरानी आखिरी बार पर्दे पर फिल्म 'भूत बांग्ला' और 'हैवान' में नजर आएंगे। उनकी फिल्में अगले वर्ष रिलीज होंगी।

जाने-माने अभिनेता, निर्देशक और टीवी कलाकार अन्नू कपूर ने असरानी के निधन पर इस दुनिया से उनकी शांतिपूर्ण और खामोशी से हुई विदाई की इच्छा का उल्लेख कर कहा, यदि उनका निधन किसी त्योहार या प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान हो, तो वे खुद भी ऐसी ही शांतिपूर्ण विदाई चाहेंगे। कपूर ने कहा, 'उनकी इस इच्छा ने मुझे भी प्रेरित किया...जब मेरा इस दुनिया नामक होटल से चेक आउट करने का समय आए और वो तिथि या समय किसी राष्ट्रीय पर्व या त्योहार से जुड़ा हो.. मसलन 15 अगस्त या 26 जनवरी या दिवाली, होली, ईद... मेरा भी संस्कार गुप्त रूप से किया जाए। मैं किसी को परेशान नहीं करना चाहता हूं..मैं इस दुनिया में बोझ बनकर नहीं जीना चाहता।'

# भारत से लौटीं कनाडाई विदेश मंत्री बोलीं- दोनों देशों की सार्थक बातचीत जारी

**ओंटारियो** । कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद हाल ही में (12 से 14 अक्तूबर) भारत दौरे पर थीं। वहीं अब उन्होंने कहा है कि भारत के साथ कानून प्रवर्तन के मुद्दे पर सार्थक बातचीत चल रही है। मंगलवार को (21 अक्तूबर) सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्री ने कहा कि जन सुरक्षा के मामले अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, और इसीलिए कनाडा ने बिश्नोई गिरोह को आतंकवादी संगठन घोषित किया है।

उन्होंने कहा, ₹अगर आप दोनों देशों के बीच जारी संयुक्त बयान को देखें तो उसकी पहली ही पंक्ति कानून प्रवर्तन से जुड़ी चिंताओं पर केंद्रित है। दोनों देशों की सरकारों के अधिकारियों के बीच बेहद उत्पादक बातचीत चल रही है। ऐसा संयुक्त बयान पहले कभी जारी नहीं हुआ जैसा हमने सोमवार को किया।



उन्होंने सीबीसी न्यूज को आगे बताया कि वे अभी सामान्य स्थिति में नहीं लौटे हैं, क्योंकि जन सुरक्षा के कई मुद्दे हैं जिनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ₹हम सामान्य स्थिति में नहीं लौट रहे हैं। सामान्य स्थिति में लौटने का मतलब कानून प्रवर्तन संवाद नहीं होगा। सामान्य स्थिति में लौटने में बिश्नोई गिरोह को सूचीबद्ध करना शामिल नहीं होगा। सामान्य स्थिति में लौटने में स्वतंत्र आरसीएमपी जांच शामिल नहीं होगी। सामान्य स्थिति में लौटने का मतलब हर मोड़ पर कनाडा की जनता की सार्वजनिक सुरक्षा संबंधी चिंताओं को उठाना नहीं होगा। इसलिए सामान्य स्थिति में लौटना अभी संभव नहीं है। हम हर समय यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सार्वजनिक सुरक्षा संबंधी चिंताएं एजेंडे में सबसे ऊपर रहें।₹

इससे पहले 3 अक्टूबर को भारत के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की थी कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (ठरअ) अजीत डोभाल ने अपने कनाडाई समकक्ष नाथाली ड्रॉइन से मुलाकात की थी। दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी सहयोग, संगठित अपराध और खुफिया आदान-प्रदान पर रचनात्मक चर्चा की और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

कनाडाई सरकार ने अपने बयान में कहा कि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का कनाडा में प्रभाव है और यह हत्या, गोलीबारी, आगजनी और धमकियों जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल है। यह गिरोह प्रवासी भारतीय समुदायों में डर का माहौल पैदा करता है और उनके प्रमुख सदस्यों, कारोबारियों और सांस्कृतिक हस्तियों को निशाना बनाता है।

### बिश्नोई गैंग पर भी दिया बयान

आनंद ने बताया कि कानून का शासन हर समय कायम है, क्योंकि गिरोह की पुलिस जांच जारी है। अपने बयान में विदेश मंत्री ने कहा, ₹हमने जन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए बिश्नोई गैंग को कनाडाई कानून में एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है। और अंत में मैं और आप भी जानते हैं कि आरसीएमपी की जांच जारी है और यह सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है कि कानून का शासन हमारी सरकार की किसी भी अन्य नीति से अप्रभावित और दृढ़ बना रहे।

### जन सुरक्षा हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर-कनाडा

कनाडाई विदेश मंत्री ने सीबीसी न्यूज से बात करते हुए बताया, ₹अगर आप उस संयुक्त बयान के शब्दों पर गौर करें तो वह प्रभावशाली है। अगर आप विदेश मंत्री जयशंकर, मेरे समकक्ष विदेश मंत्री के शब्दों पर गौर करें, तो वे भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि कानून प्रवर्तन महत्वपूर्ण है। इसलिए पहली बार हम भारत के साथ एक बहुत ही रचनात्मक नीति-उन्मुख बातचीत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जन सुरक्षा हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर रहे।

# खदान के ढहने से बड़ा हादसा, 80 मजदूर फंसे; बचाव अभियान जारी

**सैंटो डोमिंगो**। डोमिनिकन गणराज्य में मंगलवार (21 अक्तूबर) को उस वक्त बड़ा हादसा हो गया, जब एक खदान अचानक ढह गई। इस हादसे के बाद 80 खनिक खदान में फंस गए, जिनको बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार अभी तक किसी के घायल होने या मृत होने की खबर नहीं है।

ऊर्जा एवं खनन मंत्रालय के एक बयान के अनुसार सिरेस ऑफ माइमोन में एक जस्ता और तांबे की खदान का एक हिस्सा ढहने से खनिक फंस गए। यह खदान राजधानी सैंटो डोमिंगो के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक ग्रामीण इलाके में है।

ऊर्जा और खनन मंत्रालय के बयान में कहा गया कि सभी खनिक खदान के भीतर सुरक्षित क्षेत्र में हैं और उन्हें सतह की ओर लाया जा रहा है। फिलहाल यह जानकारी नहीं है कि उनमें से कितने खनिक सतह पर पहुंच पाए हैं।

# दिवाली के बाद 16 शहरों में हवा जहरीली दिल्ली में 4 साल में सर्वाधिक प्रदूषण रहा

**दिल्ली**। दिवाली के अगले दिन देश के कम से कम 16 शहरों की औसत हवा बेहद खराब से लेकर गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें राजधानी दिल्ली के अलावा 10 शहर हरियाणा, तीन यूपी, एक राजस्थान और एक गुजरात के हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 24 घंटे के औसत डाटा के अनुसार देश में सबसे खराब स्थिति हरियाणा के जींद में रही जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 421 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इसके अलावा हरियाणा के ही धारूहेड़ा में एक्यूआई 412 दर्ज किया गया।



दिल्ली-एनसीआर के शहरों में पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जमकर धज्जियां उड़ीं। सुप्रीम कोर्ट ने रात आठ बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी, लेकिन लोगों ने आधी रात के बाद तक भी जमकर पटाखे फोड़े, जिसके चलते पीएम 2.5 यानी सूक्ष्म कणों ने हवा को दमघोंटू बना दिया। दिल्ली में दिवाली पर चार साल में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई, रात में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ा और पीएम 2.5 का घनत्व 675 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर पहुंच गया, जो 2021 के बाद से सबसे ज्यादा है। चार साल से तुलना करें, तो 2024 में दिवाली की रात दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 609, 2023 में 570, 2022 में 534, जबकि 2021 में 728 था।

दिल्ली की हवा मंगलवार को बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 दर्ज किया गया। एनसीआर में गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 370 दर्ज किया, गाजियाबाद में 324, नोएडा में 320 और ग्रेटर नोएडा में 282 सूचकांक दर्ज किया गया। फरीदाबाद में एक्यूआई एनसीआर के अन्य शहरों के मुकाबले सबसे कम 268 दर्ज किया गया।

स्विटजरलैंड की एजेंसी आईक्यूएयर के अनुसार दिल्ली की वायु गुणवत्ता मंगलवार को दुनिया में सबसे खराब रही। आईक्यूएयर के अनुसार नई दिल्ली का एक्यूआई 442 रहा। हवा में पीएम 2.5 कणों की मौजूदगी विश्व स्वास्थ्य संगठन के तय मानक से 59 गुना अधिक दर्ज की गई।

# इथियोपिया में 14 की मौत, नाइजीरिया में पेट्रोल लदे ट्रक में विस्फोट से 31 मौत

नई दिल्ली। इथियोपिया के पूर्वी हिस्से में सोमवार रात एक भीड़भरी ट्रेन की टक्कर खड़ी ट्रेन से हो गई, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। यह हादसा दीरे दवा शहर के पास हुआ, जब व्यापारी और उनके सामान से भरी ट्रेन जिबूती सीमा के पास स्थित देवाले कस्बे से लौट रही थी।

दीरे दवा के मेयर इब्राहिम उस्मान ने फेसबुक पर पोस्ट कर हादसे में जनहानि पर दुख व्यक्त किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद घायलों की मदद में देरी हुई और स्थानीय लोगों ने ही घायलों को डिब्बों से बाहर निकाला।

**हादसों के लिए विशेषज्ञ खराब सड़कों और रेल नेटवर्क की कमी को जिम्मेदार मानते हैं**

गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों में नाइजर राज्य में भारी वाहनों से जुड़े हादसों में वृद्धि हुई है, जिसके लिए विशेषज्ञ खराब सड़कों और रेल नेटवर्क की कमी को जिम्मेदार ठहराते हैं। यह राज्य उत्तर और दक्षिण नाइजीरिया के बीच माल ढुलाई का प्रमुख केंद्र है।

पुलिस ने बताया कि चालक, टैंकर के मालिक और हादसे के कारणों की पहचान के लिए जांच जारी है। राज्य के गवर्नर उमरू बागो ने घटना को ह्लदुखद और दर्दनाकह्व बताते हुए लोगों से ऐसे जोखिम भरे कार्यों से दूर रहने की अपील की।

### नाइजीरिया में 31 लोगों की मौत और 17 लोग घायल

एक अन्य हादसा पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजीरिया में हुआ। यहां नाइजर राज्य के बिडा क्षेत्र में मंगलवार को पेट्रोल से भरे एक टैंकर ट्रक में विस्फोट हो गया, जिसमें कम से कम 31 लोगों की मौत और 17 लोग घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता वासियु अबियोदुन ने बताया कि ट्रक पलटने के बाद स्थानीय लोग गिरे हुए ईंधन को इकट्ठा करने पहुंचे, तभी विस्फोट हुआ। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# बुडापेस्ट में प्रस्तावित ट्रंप व पुतिन की वार्ता स्थगित व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर दी जानकारी

**नई दिल्ली**। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच प्रस्तावित शिखर सम्मेलन को स्थगित कर दिया गया है। मास्को ने यूक्रेन में तत्काल युद्धविराम की मांग को मानने से इन्कार कर दिया है।



इससे यूक्रेन को लेकर वार्ता के प्रयासों पर संकट के बादल छा गए हैं। बता दें कि पिछले सप्ताह ट्रंप ने यह घोषणा की थी कि वह और पुतिन हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में मिलेंगे ताकि यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के प्रयास किए जा सकें। दोनों नेताओं की गत अगस्त में अलास्का में शिखर वार्ता हुई थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप की राष्ट्रपति पुतिन से मिलने की निकट भविष्य में कोई योजना नहीं है। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से फोन पर बातचीत हुई।

ट्रंप और पुतिन की प्रस्तावित दूसरी शिखर वार्ता की तैयारियों को लेकर गुरुवार को रूबियो और लावरोव की बुडापेस्ट में बैठक होने वाली थी। इस तैयारी बैठक को भी स्थगित कर दिया गया है। रूबियो और लावरोव की सोमवार को फोन पर बातचीत हुई।

रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने मास्को में पत्रकारों से कहा, ₹मैं आधिकारिक रूप से पुष्टि करना चाहता हूं कि रूस ने अलास्का शिखर सम्मेलन के दौरान जो समझ बनी थी, उसकी तुलना में अपनी स्थिति नहीं बदली है। रॉयटर के अनुसार, रूस ने यूक्रेन में मंगलवार को बड़े पैमाने पर हमला किया। इसके चलते यूक्रेन के चेर्निहिव क्षेत्र में चार लोगों की मौत हो गई और हजारों घरों की बिजली गुल हो गई। रूस के ताजा हमलों को सर्दी से पहले यूक्रेन की ऊर्जा प्रणाली को ध्वस्त करने के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, करीब ड्रोन द्वारा किए गए हमले में चार नागरिकों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।

### क्या हैं रूस की शर्तें?

उन्होंने कहा कि अगले ट्रंप-पुतिन शिखर सम्मेलन के स्थान और समय से ज्यादा अलास्का में बनी समझ को लागू करना महत्वपूर्ण है। युद्ध के मूल कारणों का समाधान आवश्यक है, अन्यथा स्थायी शांति नहीं हो पाएगी, जिसकी ट्रंप मांग कर रहे हैं। रूस ने स्थायी शांति के लिए जो शर्तें रखी हैं, उनमें यूक्रेन को गैर-परमाणु बनाए रखना और अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन में शामिल नहीं करना है। पुतिन ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले का आदेश दिया था। तब से यह युद्ध जारी है। पुतिन कई बार कह चुके हैं कि वह शांति वार्ता के लिए तैयार हैं।

# तीन धामों के कपाट बंद होने तक 50 लाख पार हो जाएगा श्रद्धालुओं का आंकड़ा

**देहरादून** । चारधाम यात्रा में गंगोत्री, केदारनाथ व यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने तक दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 50 लाख पार हो जाएगा। 22 अक्तूबर को गंगोत्री धाम के कपाट विधि विधान से बंद होने के बाद मां गंगा की डोली शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा के लिए प्रस्थान करेगी। जबकि केदारनाथ व यमुनोत्री धाम के कपाट 23 अक्तूबर को बंद होंगे।

30 अप्रैल 2025 को गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने से चारधाम यात्रा का आगाज हुआ। जबकि दो मई को केदारनाथ व चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से संचालित हुई।



## संपादक की कलम से

# एक नायाब साल

पहली नजर में बड़े पद की चमक–दमक का अपना सम्मोहन होता है, लेकिन हकीकत में जिम्मेदारी–जवाबदेही व विपरीत चुनौतियों में सामंजस्य बैठाना कांटों का ताज पहनने जैसा ही होता है। अंतहीन जन–अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना उतना ही कठिन होता है। वैसे किसी सत्ता का एक साल बहुत लंबी अवधि नहीं होती। उसके आधार पर अंतिम मूल्यांकन करना भी जल्दबाजी ही कही जाएगी, लेकिन इससे किसी नेतृत्व या सरकार की दिशा–दशा को बोध तो हो जाता है। कमोबेश, यह कसौटी हरियाणा में एक साल पूरा कर रही नायब सैनी सरकार के लिये भी है। सामाजिक न्याय के समीकरण संतुलन की कवायद के क्रम में भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने वाले नायब सैनी की इस पद पर ताजपोशी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पसंद रही है। जब नरेंद्र मोदी चंडीगढ़–हरियाणा में संगठन का दायित्व निभा रहे थे, तो सैनी उनके कार्यालय सहयोगी थे। इस मायने में बिना राजनीतिक व समृद्ध आर्थिक पृष्ठभूमि के राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने को एक बड़ी कामयाबी कहा जा सकता है। उनके राजनीतिक विरोधी भी उनकी सदाबहार मुस्कान–विनोदप्रियता के कायल रहे हैं। वे विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं को सम्मान सार्वजनिक रूप से देते नजर आते हैं, लेकिन पिछले विधानसभा सत्र में मुद्दों पर विपक्षी नेताओं को आड़े हाथों लेने से भी वे नहीं चूके। वैसे तो उनके एक साल के कार्यकाल में कई चुनौतियां सामने आती–जाती रही हैं, लेकिन हाल ही में एडीजीपी वाई.पूरन कुमार व एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या ने सरकार के सामने असहज स्थिति व बड़ी चुनौती पेश की। हालांकि, देर से ही सही फौरी तौर पर मामले का पटाक्षेप हुआ, लेकिन इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुद्दे की संवेदनशीलता को महसूस कर कदम बढ़ाए। एडीजीपी द्वारा आत्महत्या की खबर उन्हें जापान दौरे के दौरान मिली तो उन्होंने दौरे में शामिल उनकी पत्नी अमनीत को अधिकारियों के साथ तुरंत भारत भेजा। भारत आते ही खुद भी वे सीधे एडीजीपी के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे, तो एएसआई संदीप लाठर के घर भी परिवार को संबल देने गए। बहरहाल, ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ नायब सैनी को जरूर मिला है। कई विकास योजनाएं कायदे से सिरे चढ़ी हैं। लेकिन लाडो लक्ष्मी योजना ट्रंप कार्ड साबित हुई है। विधानसभा चुनावों में इस योजना के वायदे का छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र चुनावों की तर्ज पर हरियाणा में भी भाजपा को खासा लाभ मिला। मिले परिणामों ने तमाम कयासों को निरर्थक साबित किया। हर जरूरतमंद महिला को सरकार की तरफ से 21 सौ रुपये मिलना, उन्हें आर्थिक स्वावलंबन देना ही है। पहले चरण में बाइस लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। निस्संदेह, कमजोर वर्ग के लोगों के लिये अपनी छत का सपना पूरा करना एक दुष्कर कार्य है। हरियाणा सरकार ने दस हजार से अधिक आबादी वाले महाग्रामों में गरीबों को पचास–पचास गज व छोटे गांवों में सौ–सौ गज के प्लाट उपलब्ध कराये। शहरों में ये 25 गज के रहे। वहीं प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत मिलने वाले ढाई–ढाई लाख रुपये ने उनके घर के सपने को हकीकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की खासियत लोगों के साथ सहज उपलब्धता है।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



## रिश्ते हवा भरा गुब्बारा है

### कविता

जिस कश्ती पे सवार हो घर से निकला था
उस कश्ती को अब तक किनारा ना मिला
जिस जिस पर मैंने सर्वस्व कभी लुटाया
उनसे जवन भर कभी सहारा ना है मिला

कहने को जग में अपना है सब भाई भाई
पर हकीकत की छाँव का एक साया है साई
रेगिस्तान में फैला मृगतृष्णा के समान
भ्रम का सारा ये जग में खेल है मेरी ताई

झुठे रिश्ते के काँधे पे बैठा स्वार्थ का पुतला है
अपनी जुगाड़ जोड़ने हेतु गोबर का ऊपला है
जोड़ कर भाईचारा का श्रृंखला बनाया था मैंने
वक्त के तराजू पे घटता अन्दर से खोखला है

तिलिस्म का चश्मा फेंक जब हकीकत पे मैं आया
टुट गया विश्वास की दीवार जग को विश्वासघाती पाया
किस पर करूँ विश्वास ओ रब हर चेहरा पे नकाब चढ़ा
अपनापन की खोज में था निकला पर जग एक धोखा है

भूल जा सारे रिश्ते वो नाते किताबों में ही अच्छे लगते हैं
मत कर अपनी जीवन से खिलवाड़ धुंध से भरी दीखते हैं
रिश्ते नाते हैं पानी की एक बुलबुला सतह पे टुट जाता है
स्वार्थ की चासनी में डुबा हवा से भरा रबर का गुब्बारा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गोवर्धन पूजा से श्रद्धा बढ़े, दिखावा नहीं

**वेलकम इंडिया**



गोवर्धन पूजा केवल भगवान कृष्ण का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, गाय और धरती के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति दिखावे में नहीं, संवेदना में है। आज जब पूजा इंस्टाग्राम की तस्वीर बन चुकी है और गोबर की जगह प्लास्टिक ने ले ली है, तब जरूरत है श्रद्धा के वास्तविक अर्थ को समझने की। गोवर्धन पर्व हमें याद दिलाता है कि मिट्टी, जल और जीव–जंतु की सेवा ही असली आराधना है। पूजा तब पूर्ण होती है जब धरती मुस्कुराती है, न कि सिर्फ.कैमरा। — डॉ. सत्यवान सौरभ



दीपों की कतारें अभी बुझी भी नहीं होतीं कि अगली सुबह गोवर्धन पर्व आ जाता है। यह त्योहार केवल भगवान कृष्ण की पूजा नहीं, बल्कि प्रकृति, गोवंश और सामूहिक श्रम के प्रति कृतज्ञता का उत्सव है। यह पर्व उस सादगी, मिट्टी की सुगंध और मन की पवित्रता का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति की जड़ों में रची-बसी है। लेकिन जब श्रद्धा का अर्थ केवल दिखावे, फोटो और स्टेटस तक सीमित रह गया हो, तब गोवर्धन पूजा से श्रद्धा बढ़े कहना एक कामना भी है और एक चेतावनी भी।

कृष्ण की कथा में गोवर्धन पूजा का मूल भाव बहुत गहरा है। जब इंद्र के अहंकार से तंग आकर गोकुलवासी भीषण वर्षा में डूबने लगे, तब बालक कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठा लिया। इस घटना को केवल एक चमत्कार के रूप में देखना उसके अर्थ को छोटा करना है। असल में यह एक सामाजिक प्रतीक है। यह हमें बताती है कि जब सत्ता अहंकार में अंधी हो जाती है, तब जनसाधारण को अपने सामूहिक साहस से संकट से निकलना पड़ता है। कृष्ण ने गोवर्धन पूजा की परंपरा इसलिए शुरू की ताकि लोग प्रकृति, गोमाता और अपनी श्रमशक्ति को देवत्व के रूप में स्वीकारें—क्योंकि वही असली सहायक हैं, न कि केवल आकाश के देवता।

गोवर्धन पूजा दरअसल प्रकृति पूजा है। गाय, गोबर, गोचर भूमि—ये सब उस पारिस्थितिकी का हिस्सा हैं जिसने भारतीय जीवन को आत्मनिर्भर बनाया। जब हम गोबर, मिट्टी और फूलों से गोवर्धन बनाते हैं, तो वह धरती और पर्यावरण के प्रति हमारी श्रद्धा का प्रतीक होता है। वह एक स्मरण है कि यह मिट्टी ही हमारी असली माता है, जो हर बीज को अंकुरित कर हमें अन्न देती है। लेकिन आज के दौर में यह सब प्रतीक धीरे-धीरे खोते जा रहे हैं। गोबर की जगह प्लास्टिक की सजावट ने ले ली है, मिट्टी की गंध पर परफ्यूम का कब्जा हो गया है। गोवर्धन पूजा अब इंस्टाग्राम पोस्ट बन गई है—जिसमें हैप्पी गोवर्धन पूजा के स्टिकर तो हैं, पर गाय के लिए चारा नहीं। श्रद्धा अब धरती पर नहीं, स्क्रीन पर चमकती है।

कृष्ण ने कहा था—कर्मण्येवाधिकारस्ते। लेकिन हमने कर्म छोड़कर कर्मकांड को पकड़ लिया। पूजा अब उस भावना से दूर जा रही है जिसमें सामूहिकता, सहयोग और संवेदना थी। पहले गाँवों में सब मिलकर गोवर्धन बनाते थे, बच्चे गोबर लाते, महिलाएँ फूल सजातीं, पुरुष दीप रखते। वह सामूहिक श्रम और सादगी का पर्व था, जिसमें न कोई प्रतियोगिता थी, न तुलना। आज हर घर में अलग-अलग पूजा होती है—मानो यह अहंकार का गोवर्धन हो गया हो। श्रद्धा भी अब प्रदर्शन बन गई है, जिसमें पूजा का असल अर्थ खो गया है।

भारत का सबसे बड़ा विरोधाभास यही है कि हम गाय को माता कहकर आँसू बहाते हैं, लेकिन सड़कों पर वही गाय भूख और दर्द से मरती है। गोवर्धन पूजा का केंद्र ही गाय है, और हम उसी केंद्र को भुला चुके हैं। यह कैसी श्रद्धा है जो दीप जलाती है पर एक मुठ्ठी चारा देने में कंजूसी करती है? पूजा का अर्थ केवल आरती नहीं, जिम्मेदारी भी है। जब तक हम गोवंश, जल, मिट्टी और वृक्षों के प्रति करुणा नहीं दिखाएँगे, तब तक हमारी पूजा अधूरी रहेगी।

त्योहार अब भक्ति नहीं, भोग का उत्सव बनते जा रहे हैं। गोवर्धन पूजा भी अब सेल्फी सीजन का हिस्सा बन गई है। प्रसाद, थाल और पूजा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने की होड़ लग जाती है। लेकिन असली भोग—जो सेवा, संतोष और सादगी में था—वह कहीं खो गया है। हमारी दादी-नानी के समय यह पर्व मिट्टी और मेहनत की खुशबू से भरा होता था। अब यह कृत्रिम रोशनी और दिखावे का तमाशा बन गया है। श्रद्धा अब कैमरे की फ्लैश पर निर्भर है, आत्मा की रोशनी पर नहीं।

अगर कृष्ण आज होते, तो शायद पूछते—क्या तुम सच में गोवर्धन बना रहे हो, या गोवर्धन के मूल अर्थ को मिटा रहे हो? क्या तुम्हारी पूजा में धरती की गंध है या केवल मॉल की सुगंध? क्या तुम्हारी आरती में गाय की घंटी की आवाज है या मोबाइल के नोटिफिकेशन की? ये सवाल हमारे भीतर की श्रद्धा की जाँच करते हैं। क्योंकि भक्ति तभी सार्थक होती है जब वह दूसरों के सुख-दुख में सहभागी बनती है।

ग्रामीण भारत में आज भी यह पर्व आत्मीयता से मनाया जाता है। गाँव की गलियों में बच्चे नंगे पैर गोबर इकट्ठा करते हैं, महिलाएँ पारंपरिक गीत गाती हैं—गोवर्धन धर्यो गिरधारी। वहाँ पूजा में सादगी है, पर दिल है। वहीं शहरी भारत में गोवर्धन पूजा रील बन चुकी है—पाँच मिनट की पूजा, फिर पिज्जा पार्टी। यह फर्क बताता है कि विकास ने हमें सुविधा तो दी, पर संवेदना छीन ली। हमारी आधुनिकता ने हमें अपने ही मूल से काट दिया है।

जब जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट मानवता के सामने सबसे बड़ा खतरा बन चुके हैं, तब गोवर्धन पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि ईश्वर से प्रार्थना करने से पहले हमें धरती के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। यह वह समय है जब हमें गोवर्धन पूजा की व्याख्या को नये अर्थों में देखना चाहिए—केवल धर्म नहीं, बल्कि जीवनशैली के रूप में। अगर हम इस दिन पेड़ लगाएँ, गोशाला में सेवा करें, तालाब साफ करें, पशुओं को भोजन दें—तो वही सच्ची श्रद्धा होगी।

श्रद्धा का अर्थ केवल झुकना नहीं, जुड़ना है—धरती से, जल से, पशु से, मनुष्य से। जब श्रद्धा जिम्मेदारी के साथ जुड़ती है, तभी वह भक्ति बनती है। वरना वह सिर्फ रस्म रह जाती है। कृष्ण का गोवर्धन पर्व हमें यही सिखाता है—कि असली धर्म दूसरों के लिए खड़ा होना है।

कृष्ण ने इंद्र का अहंकार तोड़ा था, लेकिन आज हमारे भीतर भी ऐसे सैकड़ों इंद्र पल रहे हैं—लालच, ईर्ष्या, उपभोग, दिखावा और अधिकार की अंधी चाह। हमें इन इंद्रों को शांत करने के लिए अपने भीतर एक गोवर्धन उठाना होगा। वह गोवर्धन कोई पत्थर का पहाड़ नहीं, बल्कि विवेक, संयम और करुणा का पहाड़ है, जिसे हम सबको मिलकर थामना है।

गोवर्धन पूजा का एक और गहरा पक्ष है—यह पर्व सामूहिकता का उत्सव है। जब गोवर्धन के नीचे सारा गोकुल एकत्र हुआ था, तब किसी ने किसी की जात, पद या संपत्ति नहीं पूछी थी। सब एक ही छत के नीचे थे—बराबर, सुरक्षित, जुड़ाव में। यह दृश्य बताता है कि संकट के समय समाज को एकता में रहना चाहिए। पर आज हम अपने-अपने घरों के भीतर बंद हैं, पूजा भी निजी हो गई है, और समाज से संबंध केवल औपचारिक रह गए हैं। हमें फिर वही सामूहिकता लौटानी होगी, जिसमें साथ रहना भी पूजा है।

यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि शक्ति का अर्थ केवल भौतिक बल नहीं होता। जब बालक कृष्ण ने पर्वत उठाया था, तब वह शारीरिक नहीं, नैतिक शक्ति थी। आज के युग में वह नैतिक शक्ति सबसे बड़ी कमी बन गई है। हमें हर घर में, हर हृदय में एक छोटा-सा गोवर्धन बनाना होगा—जहाँ श्रद्धा, सादगी और करुणा एक साथ बसें।

अगर गोवर्धन पूजा का सच्चा पालन करना है, तो तीन संकल्प लेने होंगे। पहला, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता—हर पूजा के बाद एक पेड़ लगाना या किसी पशु को भोजन देना। दूसरा, सादगी का पुनर्जागरण—दिखावे की जगह सच्चे भाव अपनाना। और तीसरा, सामूहिकता का पुनर्स्थापन—पूजा को फिर से मिल-जुलकर मनाने की परंपरा लौटाना, ताकि समाज में संवाद और संवेदना जिंदा रहे।

आज का समय ऐसा है जब श्रद्धा की परिभाषा बदल रही है। श्रद्धा अब विज्ञापनों और प्रचार में दिखने लगी है, पर जीवन से गायब हो रही है। हम मंदिरों में झुकते हैं, पर किसी घायल गाय या भूखे इंसान के आगे नहीं रुकते। हम दीये जलाते हैं, पर अपने मन के अंधकार से डरते हैं। यही वह विच्छेदन है जो हमें भीतर से खोखला बना रहा है। गोवर्धन पूजा उस खोखलेपन को भरने का अवसर है—अगर हम चाहें तो।

यह पर्व केवल धार्मिक कृत्य नहीं, बल्कि नैतिक अनुबंध है—मनुष्य और प्रकृति के बीच। यह याद दिलाता है कि देवता की पूजा से पहले धरती की सेवा जरूरी है। गोवर्धन पर्वत अब कोई भौतिक शिला नहीं, बल्कि हमारे भीतर का आत्मबल है, जो संकट के समय खड़ा रहता है। इंद्र अब कोई स्वर्गीय देव नहीं, बल्कि हमारी इच्छाओं का प्रतीक है, जो हर सुख पर वर्षा की तरह गिरना चाहता है। और कृष्ण वह विवेक है जो उसे संयम सिखाता है।

जब हम कहते हैं गोवर्धन पूजा से श्रद्धा बढ़े, तो इसका अर्थ केवल पूजा-पाठ की बढ़ोतरी नहीं, बल्कि आस्था की गहराई से है। श्रद्धा वह शक्ति है जो हमें कर्तव्य के प्रति सचेत करती है। अगर श्रद्धा बढ़ी, तो समाज में संवेदना बढ़ेगी; अगर श्रद्धा गहरी हुई, तो राजनीति में नैतिकता लौटेगी; अगर श्रद्धा सच्ची हुई, तो पर्यावरण बचेगा।

हमारे समाज को आज एक ऐसे गोवर्धन की जरूरत है जो दिखावे के नहीं, दायित्व के पत्थरों से बना हो। एक ऐसे पर्व की, जो हमें सजावट नहीं, सच्चाई सिखाए। एक ऐसी श्रद्धा की, जो सोशल मीडिया पर नहीं, समाज के भीतर बसे। गोवर्धन पूजा का सार यही है—जहाँ प्रकृति, पशु और मनुष्य एक सूत्र में बंधे हों।

कृष्ण का संदेश बहुत सीधा है—जब संकट आये, तो पर्वत उठाओ, पर मिलकर। यही वह पंक्ति है जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी तब थी। अगर हम गोवर्धन पूजा के दिन अपने भीतर यह संकल्प लें कि हम दिखावे से अधिक जिम्मेदारी निभाएँगे, तो यही पूजा सबसे पवित्र होगी।

गोवर्धन पूजा हमें याद दिलाती है कि मिट्टी में ही जीवन की सबसे सच्ची सुगंध है, और उसी मिट्टी से हमारी श्रद्धा भी अंकुरित होती है। वह मिट्टी जो गाय के खुरों से पवित्र होती है, किसान के श्रम से सींची जाती है, और आकाश की धूप से सुनहरी बनती है। जब तक हम इस मिट्टी का आदर नहीं करेंगे, तब तक कोई भी पूजा पूर्ण नहीं होगी।

इसलिए इस बार जब दीप जलाएँ, तो साथ एक वचन भी लें—कि गोवर्धन पूजा से केवल घर नहीं, मन भी उजले होंगे। श्रद्धा केवल आरती की लौ में नहीं, व्यवहार की रोशनी में भी दिखेगी। तभी हम सच्चे अर्थों में कह सकेंगे—

गोवर्धन पूजा से श्रद्धा बढ़े, दिखावा नहीं। क्योंकि श्रद्धा बढ़ी तो ईश्वर अपने आप हमारे भीतर उतर आएगा, और शायद तब हमें किसी गोवर्धन की जरूरत ही नहीं पड़ेगी—क्योंकि हर मन स्वयं पर्वत बन जाएगा।

# भारत की मिसाइल शक्ति हुई और प्रखर, 800 किमी ब्रह्मोस से पाकिस्तान में मची हलचल

भारत ने अपनी सामरिक प्रहार क्षमता में एक और ऐतिहासिक छलांग लगाई है। देश अगले दो वर्षों में 800 किलोमीटर रेंज वाली नई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का इंडक्शन शुरू करेगा। यह मिसाइल मौजूदा 450 किमी संस्करण की तुलना में लगभग दोगुनी दूरी तय कर सकेगी और तीन गुना आवाज की गति से (मैक 2.8) प्रहार करने में सक्षम होगी। नौसेना और थलसेना इसे पहले चरण में अपनाएंगी, जबकि वायुसेना के लिए इसका एयर-लॉन्च संस्करण कुछ समय बाद तैयार होगा। इसके साथ ही, 200 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली स्वदेशी ऑस्ट्रा मार्क-2 एयर-टू-एयर मिसाइलें भी 2026झ27 तक उत्पादन के लिए तैयार होंगी। दोनों मिसाइलें न केवल भारत की ह्लस्टैंड-ऑफह्व स्ट्राइक क्षमता को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगी, बल्कि विदेशी हथियारों पर निर्भरता को भी कम करेंगी। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन को निर्णायक रूप से भारत के पक्ष में झुका देगा। देखा जाये तो भारत की नई



800 किमी रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल केवल एक तकनीकी उन्नति नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया के सामरिक परिदृश्य में शक्ति संतुलन की नई परिभाषा है। यह सिर्फ एक हथियार नहीं, बल्कि संदेश है कि भारत अब किसी भी शत्रु के ठिकाने को दूर से सटीकता से नेस्तनाबूद करने में सक्षम है और वह भी बिना परमाणु हथियारों के सहारे।

ब्रह्मोस का यह नया संस्करण, जो मौजूदा 450 किमी रेंज से लगभग दोगुना दूर तक प्रहार कर सकता है, भारतीय सैन्य सिद्धांत में ह्लदूरस्थ और निर्णायक प्रतिशोधह्व की क्षमता को साकार करता है। चाहे समुद्र हो, भूमि या आकाश—यह सुपरसोनिक मिसाइल अपने लक्ष्य पर ऐसी गति से वार करती है कि प्रतिक्रिया का समय शून्य के बराबर रह जाता है। आज, जब अधिकांश राष्ट्र ह्यसटीक, सीमित और त्वरित युद्धह्व की दिशा में जा रहे हैं, भारत का यह कदम उसकी सामरिक परिपक्वता का परिचायक है। इस मिसाइल की 800 किमी मारक क्षमता का सबसे बड़ा सामरिक अर्थ पाकिस्तान के संदर्भ में उभरता है। पाकिस्तान की रणनीतिक गहराई सीमित है। उसके प्रमुख सैन्य ठिकाने, हवाई अड्डे, और रसद केंद्र सीमा से कुछ सौ किलोमीटर के दायरे में हैं। 800 किमी की ब्रह्मोस मिसाइल इन सभी पर बिना भारतीय विमानों को सीमा पार भेजे सीधे प्रहार करने में सक्षम होगी।
**–नीरज कुमार दुबे**

# बिहार की नई राजनीतिक करवट से विकास और सुरक्षा की मिलेगी गारंटी

बिहार विधानसभा चुनाव 2025, कई मायने में राष्ट्रीय और सूबाई राजनीति को प्रभावित करेगा, क्योंकि 2026 में पश्चिम बंगाल और 2027 में उत्तरप्रदेश में भी विधान सभा चुनाव होने हैं। यही नहीं, पूर्वी भारत की सुरक्षा को भी यह चुनाव सुनिश्चित करेगा। इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की रीति-नीति, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन का अंतर्कलह और मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की नवस्थापित पार्टी जनसुराज द्वारा उठाए हुए मुद्दे गहरा असर डालेंगे।

वहीं, एआईएमआईएम और अन्य छुटभैये दलों की कोशिशें मतदाताओं के मनोमिजाज पर क्या रंग जमाएंगी और अपने साइलेंट मतदान ट्रेंड से वो क्या गुल खिलाएंगे, इसका पता तो 14 नवंबर को ही पता लग पायेगा, क्योंकि राजनीतिक रूप से यह प्रदेश बहुत ही जागरूक प्रदेश है। महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे आम बिहारियों के दिल मे अब सामाजिक न्याय से भी ज्यादा हिंदुत्व की लहरें उफान मार रही हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि इस्लामिक देशों और चीन-अमेरिका के सहयोग से बनने वाले 'ग्रेटर बंगलादेश' से शांतिप्रिय बिहार भविष्य में गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मूकश्मीर की तरह ही युद्ध भूमि भी बन सकता है।

बिहार के लोगों को यह भी पता है कि उनके पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन अल्पसंख्यकों की राजनीति कर रहे हैं, उससे बंगलादेश का षड्यंत्र सफल हो या न हो, लेकिन पूर्वी भारत निकट भविष्य में रक्तरंजित भी हो सकता है। इसलिए विकसित, समृद्ध और ज्ञान की संस्कृति की रक्षा के लिए बिहार वासी कुछ ठोस व कड़ा निर्णय भी ले सकते हैं। उन्हें पता है कि इंडिया गठबंधन के राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, वीआईपी, वामपंथी दलों की विचारधारा भी पाकिस्तान-बंगलादेश की सरकारों से काफी मिलती जुलती है। इसलिए यदि इन्हें नहीं रोका गया तो संभव है कि भविष्य में ये लोग बिहार को भी उसमें शामिल करवा दें।

ऐसा इसलिए कि टीवी स्क्रीन और सोशल मीडिया पर इंडिया गठबंधन के नेताओं के जो हिन्दू विरोधी बयान और कार्यप्रणाली सामने आती रहती है, इससे बिहार के मतदाता अपने राज्य के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। बीते वर्षों में उन्होंने महसूस किया है कि राज्य में जंगलराज (2000-2005) का पर्याय बन चुका राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का कुनबा और उनके सरदार तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री जनता दल यूनाइटेड के नेता व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग से ब्रेक के बाद सत्ता में आ जाते हैं, इसलिए इसबार ऐसा रणनीतिक मतदान किया जाए कि ऐसी किसी सियासी बात की संभावना भी नहीं बचे। – **कमलेश पांडे**

# आवाज की दबी गूंज

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

आवाज उठाना कितना जोखिम भरा है उस गायिका रिया के लिए, जो गीत गाती थी अधिकारों की, हर स्वर में वह बजाती 'महिलाएं मजबूत हैं, उन्हें दबाओ मत', लेकिन एक संगीत कार्यक्रम के बाद उसे रोक लिया गया, इल्जाम 'सांस्कृतिक मूल्यों का अपमान कर अशांति फैलाना', अब रिया उस साइलेंट रूम में है जहां संगीत भी प्रतिबंधित है, बाहर उसके गाने रेडियो पर बज रहे हैं, लेकिन श्रोता बदल गए हैं, जबकि आयोजक नए सितारे तलाश रहे हैं, व्यंग्य की दबी गूंज यह कि जो स्वर से क्रांति लाती है वही अब मौन है, जैसे कोई धुन जो खो गई हो, रिया की सुबहें अब खामोशी से शुरू होती हैं, वह याद करती है मंच की तालियां, दर्शकों की आंखें, लेकिन अब वे यादें दबी हुई हैं, उसकी मां रोज स्टूडियो जाती है, गुनगुनाकर कहती 'उसकी रिहाई हो', लेकिन मैनेजर कहते हैं 'कानूनी मसला है', सिस्टम की यह दबी हुई क्रूरता ऐसी है कि आवाज को गला देती है, स्वर को कुचलकर, रिया की आखिरी धुन अधूरी है, वह गाना चाहती है 'मैं मुक्त हूं', लेकिन गला सूख जाता है, दिल बैठ जाता है, और एक रात जब तारे चमकते हैं, रिया की आवाज हमेशा के लिए थम जाती है, वह अंतिम पल जहां वह गुनगुनाती है 'स्वर...', वह करुण गुनगुनाहट पूरे संगीत की दबी गूंज बन जाती है, एक ऐसी पीड़ा जो कानों को बहरा कर देती है, जहां व्यंग्य की धुन इतनी मधुर है कि पाठक की सांस थम जाती है, फिर भी कान ताली की गूंज सुनने लगते हैं, क्योंकि यह दर्दनाक व्यंजना एक गीत की तरह बहती है, और आप महसूस करते हैं कि कितना बेरहम है यह जग जहां गायिका की मौत सिर्फ एक नोट है, लेकिन उस मौत में दबी है एक अनंत गूंज जो आकाश को भरती है आंसुओं से, रिया की मौत के बाद गाने भूल जाते हैं, मां की आंखें सूनी रहती हैं, और आयोजक नए गीत बनाते रहते हैं, लेकिन वह दबी गूंज, वह खोई धुन कभी नहीं लौटती, बस गूंजती रहती है मन में, एक दर्द जो सुना नहीं जाता, और यही व्यंग्य की सफलता है कि यह गूंज तालियों में बदल जाती है।

# दीपावली पर दर्दनाक हादसे: मासूम बच्चे समेत दो की मौत, 19 लोग घायल

वेलकम इंडिया/खालिद खान

- मीरगंज थाना क्षेत्र के धनेटा–शीशगढ़ मार्ग पर सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। बताया गया कि सामने से आ रहे ट्रक को बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया। इस हादसे में मोहम्मद कैफ, अरमान, मुकीम और इस्लाम घायल हो गए। राहगीरों ने कार का शीशा तोड़कर युवकों को बाहर निकाला। चारों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें कैफ और अरमान की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी युवक गांव दुनका, थाना शाही के निवासी हैं।
- नवाबगंज तहसील गेट के पास सोमवार शाम लगभग सात बजे एक तेज रफ्तार कार ने 70 वर्षीय सईदन को रौंद दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे की सूचना के बाद परिजनों में चीख–पुकार मच गई।
- बरेली–पीलीभीत हाईवे पर गरगइया गांव के पास दो बाइकों की भिड़ंत में रसूला गांव के कोटेदार चंद्रपाल, कपिल और उनकी मां पूरन देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
- फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में दिवाली की रात तेज रफ्तार कार टोल से पहले डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में पांच युवक घायल हुए, जिनमें तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के रहने वाले बताए जा रहे हैं

**बरेली।** रोशनी और खुशियों के त्योहार दीपावली की रात बरेली में कई परिवारों के लिए मातम लेकर आई। अलग-अलग क्षेत्रों में हुए भीषण सड़क हादसों में मासूम बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस ने सभी घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया है।

हादसों की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही बताई जा रही है। शीशगढ़ में ओवरटेक के दौरान दो बाइकों की भिड़ंत हो गई, जिसमें एक साल के मासूम सार्थक की मौत हो गई। शीशगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया।

बताया गया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने के प्रयास में दो बाइकें आमने-सामने से भिड़ गईं। इस हादसे में ढकिया डाम निवासी सोनू का एक वर्षीय मासूम पुत्र सार्थक ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोनू, मुकेश निवासी पदमी और सूरजपाल निवासी गुलड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार वीरपाल, उनकी पत्नी राजकुमारी और दो बच्चे भी घायल हुए। मासूम सार्थक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, गांव में मातम पसरा रहा।

दीपावली की रात जब पूरा बरेली रोशनी से नहा रहा था, तभी कई घरों में मातम छा गया। सड़क पर हुए इन हादसों की घटनाओं ने त्योहार की चमक फीकी कर दी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि त्योहारों पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, गति सीमित रखें और नशे में वाहन कतई न चलाएं, ताकि खुशियों का त्योहार किसी के लिए दुख का कारण न बने।

## महिला को मारपीट कर घर से निकाला रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**शिकारपुर/बुलंदशहर।** दहेज उत्पीड़न का एक मामला सामने आया है जहां एक महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। एसएसपी के निर्देश पर ससुराल पक्ष के छः लोगों पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बरौली निवासी अंश ने एसएसपी को आरोप लगा शिकायत पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 15 मई 2025 को अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव ढकनगला निवासी धर्मेंद्र कश्यप से हुई थी। शादी में करीब 10 लाख रुपए का दहेज देने का जिक्र किया गया है। आरोप है की शादी के एक महीने बाद ही पति धर्मेंद्र, ससुर धर्मवीर, नंद नेहा, नंदोई वीरेंद्र, जेठ राहुल और जेठानी भारती ने अंश को परेशान करना शुरू कर दिया। बताया गया कि वह अतिरिक्त दहेज में 2,00,000 रुपए और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। अंश ने कुछ समय तक यह बात सहन की लेकिन शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न बढ़ता गया।

## थारू जनजाति के दिव्यांगों को दीपावली की सौगात

# रेहान खान बोले -समाजवादी सरकार बनते ही सबको मिलेगा काम और सम्मान

वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी।** दीपावली के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने सेवा और मानवता का संदेश पेश किया। सपा कार्यालय पलिया में आयोजित कार्यक्रम में ध्यानपुर गांव के थारू जनजाति के दो दिव्यांग लज्जावती और तुलाराम राणा को ट्राई साइकिलें भेंट की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हुसैन खान ने की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव रेहान खान और समाजसेवी डॉ. ए.के. अवस्थी ने लाभार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और मिठाई वितरित की। ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगजन बेहद खुश और उत्साहित दिखाई दिए। रेहान खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीबों, वंचितों, थारू जनजाति और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए समर्पित रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व सरकार की अनेक योजनाएं, जैसे 100 नंबर सेवा, लैपटॉप वितरण और एक्सप्रेस-वे, समाज के हर वर्ग को सम्मान और अवसर देने का प्रमाण हैं।

रेहान खान ने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और विकास, सेवा तथा सम्मान का अभियान और सशक्त रूप से आगे बढ़ेगा।

## सार संक्षेप

### दो पक्षों के मारपीट में घायल 02 महिलाओं को अस्पताल भेजा

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 3313 को थाना मेंहदावल क्षेत्रांतर्गत मरवटिया से कालर द्वारा दो पक्षों के मारपीट में घायल 02 महिलाओं (01.पूनम पुत्री विनोद, 02.सुमन पुत्री रामनरायन निवासीगण ग्राम मरवटिया थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर ) के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी आ0 उत्तम चौधरी, हो0चा0 झिनकू मौर्या ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर मारपीट में घायलों को ईलाज हेतु सी0एच0सी0 मेंहदावल भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना मेंहदावल को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर तत्परता से घायलों को ईलाज हेतु सी0एच0सी0 मेंहदावल भेजवाया गया।


### 188 वाहनों से 1,58,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 188 वाहनों से 1,58,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

### हजरत सूफी निजामुद्दीन मुहद्दिस बस्तवी के उर्स की तैयारियां पूरी

**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर।भारत के प्रसिद्ध सुफी बुजुर्ग व इस्लामिक विद्वान हजरत सूफी निजामुद्दीन मुहद्दिस बस्तवी के बारहवें उर्स की तैयारियां पुरी हो गई हैं।कल 23 अक्टूबर नमाज-ए-फज? के बाद कुरान खानी से कार्यक्रम की शुरूआत होगी।दोपहर जोहर की नमाज के बाद मजार पर चादरपोशी और गुलपोशी का सिलसिला शुरू होगा और देर शाम तक चलेगा। रात में इशा की नमाज के बाद निजामी कान्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।जिसमें देश के कई बड़े इस्लामिक विद्वान प्रतिभाग करेंगे। 24 अक्टूबर की सुबह में 08:00 बजे मजार शरीफ पर कुल शरीफ के आयोजन के बाद उर्स का कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा। अकीदतमंद खानकाह को सजा कर भव्य बनाने के लिए अन्तिम रुप देने में लगे हुए हैं। हर तरफ प्रकाश की व्यवस्था किया जा रहा है। कार्यक्रम में हजारों अकीदतमंद खानकाह पहुंचने लगे हैं। सेमरियावां ब्लॉक के अगया निवासी प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान खतीबुल बराहीन अलहाज अश्शाह हजरत मोहम्मद निजामुद्दीन का तेरहवां उर्स पैतृक गांव में अकीदत व खुलूस के साथ मनाने के लिए तैयारियां पुरी हो गई है। खानकाह को लाईटिंग व फूल मालाओं से सजाया जा चुका है। उर्से निजामी में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से मुरीद खानकाह पर पहुंचने लगे हैं। मुरीदों के खाने, रहने की व्यवस्था की गई है।

### शांति-भंग में पांच लोगों का पुलिस ने किया चालान



**अगौता।** मंगलवार को स्थानीय पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई करते हुए चालान किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली पर्व पर ये लोग आपस में झगड़ा मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे,शिकायत के आधार पर पांच लोगों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान पिंकी,तरसपाल,सुमित पुत्र मंटी सिंह निवासी ग्राम पवसरा थाना अगौता जनपद बुलंदशहर एवं संदीप पुत्र लख्मी चंद व अतर सिंह पुत्र सुकन सिंह निवासी ग्राम गढिया थाना अगौता जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### जिला बदर अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** थाना अगौता पुलिस द्वारा एक जिला बदर अपराधी को अवैध असलहा कारतूस सहित आरिफ पुत्र शौकत निवासी ग्राम अहमदपुर टांडा थाना अगौता जनपद बुलंदशहर को ग्राम लोहराला बम्बा की पुलिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जिसे मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 29.07.2025 को 06 माह की अवधि के लिये जिला बदर घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना अगौता पर मुअसं-235/25 धारा 3/10 यूपी गुण्डा नियन्त्रण अधि0 व 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया रहा हैं।

# दीपावली की रात हीरो बाइक एजेंसी में लाखों की चोरी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** रोशनी और खुशियों से जगमगाती दीपावली की रात बरेली के सीबीगंज क्षेत्र में भयावह हादसे में बदल गई। खंडेलवाल ऑटोमोबाइल (हीरो बाइक एजेंसी) में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये नकद, चांदी के सिक्के और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

गांधीपुरम निवासी मनीष खंडेलवाल की महेशपुरा, रामपुर रोड स्थित हीरो बाइक एजेंसी की सुरक्षा व्यवस्था उस रात भीड़-भाड़ और त्योहार की व्यस्तता के बीच थी। दीपावली की शाम, मनीष और उनके कर्मचारी एजेंसी बंद कर घर चले गए। गार्ड ड्यूटी पर मौजूद था, लेकिन उसी दौरान अज्ञात चोरों ने एजेंसी की पीछे की दीवार की तार काटकर अंदर घुसपैठ की। चोरों ने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, फिर ऑफिस की खिड़की की ग्रिल काटकर कैश रूम की दराज खंगाली।

इस वारदात में लगभग चार लाख रुपये नकद, 15-20 चांदी के सिक्के, करीब सात हजार रुपये की रेजगारी और अन्य कीमती सामान चोरी हो गया। घटना स्थल पर छोड़े गए उपकरणों में तार कटर और रिंच शामिल हैं, जबकि टूटा हुआ सीसीटीवी कैमरा चोर अपने साथ ले गए। सुबह एजेंसी मालिक मनीष खंडेलवाल जब दुकान पहुंचे तो टूटी दराज और बिखरे कागज देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

हालांकि, पुलिस के मौके पर पहुंचने में देरी हुई। बाद में फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया, जिन्होंने साक्ष्य जुटाए, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। मनीष खंडेलवाल ने बताया कि उन्होंने घटना की तहरीर पहले पुलिस को दी थी, लेकिन शुरूआत में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी की। बाद में पुलिस ने अपने स्तर से रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**बरेली।** थाना बहेड़ी क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। लोगो ने आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन सब कुछ जलकर राख हो गया। सूचना के बाद पहुंची दमकल गाड़ी ने कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये कीमत का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। मोहल्ला लोधीपुर में अंबिका भारद्वाज की भारद्वाज इलेक्ट्रॉनिक नाम से दुकान है। जिसमें नए एलईडी टीवी, पंखे, म्यूजिक सिस्टम और स्पीकर आदि सामान रखा हुआ था। दीवाली के दिन अचानक इस दुकान में आग की लपटे निकलने लगी। आग की लपटे निकलने पर आसपास के लोगों ने बाल्टियों से पानी फेंक कर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग पर काबू पर नहीं पाया जा सका।

# क्रियावली में गंदगी की भरमार ग्रामीण परेशान जिम्मेदार बेखबर



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव क्रियावली में आम रास्तों पर गंदगी की भरमार है। नालियां गंदगी से भरी पडी है। ग्रामीणों का कहना है कि काफी दिनों से नालियों की सफाई तक नही हुई है।आम रास्ते पर बने मकान मालिक भोला सिंह सुनील कुमार जगत सिंह फकीरा सतपाल हैम सिंह निजाम का कहना है कि काफी दिनों से नालियों की सफाई ना होने के कारण पानी रास्ते से होकर गुजरता है। नालियों में गंदगी होने के कारण मच्छरों का साम्राज्य है। मच्छर इतने अधिक है कि रात को सोना भी मुश्किल रहता है। मच्छर जनित बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। आज तक मच्छर मार दवा का छिड़काव भी नही कराया गया है। गांव में चारों ओर गंदगी का साम्राज्य हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जिला जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित जिला जेल में सोमवार को एक उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से जेल में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान क्योलड़िया थाना क्षेत्र के प्रताप सिंह के रूप में हुई है, जो हत्या के मामले में सजा काट रहा था। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

इस घटना के बाद परिजनों का कहना है कि प्रताप सिंह पूरी तरह स्वस्थ थे, लेकिन अचानक उनकी मौत की सूचना मिलने से वे सदमे में हैं। परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें समय पर इलाज नहीं दिया गया। शाम करीब सात बजे जब परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने हंगामा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं इस मामले पर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिल्हाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है, और जिला प्रशासन ने भी रिपोर्ट तलब कर ली है।

इस घटना के बाद ग्रामीणों का कहना है कि प्रताप सिंह का व्यवहार शांत और मिलनसार था। उसकी अचानक मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। उधर, जेल प्रशासन ने दावा किया है कि कैदी की तबीयत अचानक बिगड़ी थी, जिसे तत्काल इलाज के लिए भेजा गया था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अब सबकी नजरें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो बताएगी कि यह मौत प्राकृतिक थी या फिर यह किसी लापरवाही का नतीजा है।

# छाता आर्य समाज ने हवन यज्ञ कर मनाया महर्षि दयानंद का निर्वाण दिवस

वेलकम इंडिया



**मथुरा/छाता।** नगर के हरनाथिया थोक में दीपावली के पावन पर्व पर सोमवार की शाम हवन यज्ञ के साथ स्वामी सच्चिदानंद महाराज के पावन सानिध्य में महर्षि दयानंद सरस्वती का निर्वाण दिवस मनाया। अंतर्राष्ट्रीय महान क्रांतिकारी संत स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज ने बताया कि आज से 142 वर्ष पूर्व कार्तिक अमावस्या के दिन अजमेर में आर्य समाज के संस्थापक व वेदों की प्रचारक महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने शरीर को त्याग था।

उन्होंने 59 साल के कार्यकाल में इतना बड़ा कार्य किया कि कोई सोच नहीं सकता कि छोटे से जीवन काल में कोई इतना बड़ा कार्य कैसे संभव है। उन्होंने ने बताया कि महर्षि दयानंद ने 9 वर्ष के कार्यकाल में इतना बड़ा लेखन कार्य किया, शास्त्रार्थ की किए, विरोधियों के प्रश्नों का जवाब दिया और आर्य समाज की स्थापना की। देश की लड़ाई के लिए लाखों नौजवानों को तैयार किया, स्त्री शिक्षा के लिए, वेदों के प्रचार के लिए, दलितों के लिए अनावर्तक रूप से लग गए।

स्वामी दयानंद सरस्वती ने 9 वर्ष में पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया। पुराने समय में गांव-गांव आर्य समाज थी और आज भी 32 देशों में आर्य समाज है, लेकिन भारत देश में आर्य समाज खत्म होती जा रही है। स्वामी जी विदेश नहीं गए फिर भी उनकी विचारधारा में इतना दम था, कि उनकी विचारधाराओं को सब ने स्वीकार किया। जाते-जाते अजमेर में लोगों से कह गई कि मैंने जो वेदों का रास्ता दिखाया है। उसे कभी भटकना मत। तब से आर्य समाज के लोग वेदों के रास्ते पर चलते हुए आर्य समाज के प्रचार प्रसार में जुट गए। इस दौरान चौ. प्रहलाद सिंह आर्य, चौ. जजपाल आर्य, महीपाल आर्य, धर्मेंद्र आर्य, विनोद कुमार आर्य, चंद्रपाल आर्य, ओमप्रकाश एडवोकेट, विधिचंद्र आर्य, हरिओम शर्मा, राकेश आर्य, सुघड़ी प्यारे, भगत सिंह आर्य, दीपक आर्य, संदीप सनातनी आदि मौजूद रहे।

## मामूली कहासुनी में घर में घुसे दबंग

**बरेली।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के भंडसर गांव में दीपावली की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब गांव के ही कुछ दबंगों ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। दीप जलाने और पूजा करने के बीच हुए इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला सोमवार शाम करीब 7 बजे का है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, भंडसर निवासी ब्रजलाल पुत्र लेखराज अपने परिवार के साथ दीपावली का त्योहार मना रहे थे। इसी दौरान वढ25 अर 5680 नंबर की कार उनके घर के बाहर आकर रुकी। कार से ओमप्रकाश पुत्र डालचंद और उसके साथी उतरे और बिना किसी वजह गालियां देते हुए घर में घुस आए। ब्रजलाल के अनुसार, आरोपियों ने डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया। जब उनके पिता लेखराज और मामा इतवारीलाल बीच-बचाव करने आए, तो ओमप्रकाश ने किसी धारदार हथियार से उनके पिता पर वार कर दिया। मामा इतवारीलाल को भी आरोपियों ने बेहरमी से पीटा। ब्रजलाल ने बताया कि शोर सुनकर जब मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और अपनी कार से तिगरा की ओर फरार हो गए।

## इलेक्ट्रोनिक शोरूम व होटल में घुसी थार, हजारों का नुकसान

**मथुरा/कोसीकलां।** घंटाघर पर एक थार कार ने जमकर तांडब मचाया। अचानक अनियंत्रित हुई थार एक होटल के बाहर लगे तंदूर को तोडती हुई होटल से सटे इलैक्ट्रोंनिक शोरूम के शटर को तोडते हुए अंदर जा घुसी। शोरूम में रखा कुछ इलैक्ट्रोनिक सामान क्षतिग्रस्त हो गया जिससे हजारों रुपए का नुकसान हो गया। गुस्साए शोरूम स्वामी एंव होटल स्वामी के लोगों ने कार स्वामी से गाली गलौज, धक्का मुक्की करते हुए कार को पलटा दिया। जिस कारण वहां से निकल रहा एक स्कूटी सवार बालक भी कार की चपेट में आने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस कार चालक को थाना ले आयी। प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि इस मामले में राजीनामा हो गया है।

## चार करोड़ 15 लाख रुपये की मार्फिन के साथ तस्कर किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र में एक मिनी ट्रक को लेकर अपने साथी को मार्फिन सप्लाई करने आए शाहजहांपुर निवासी तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से मार्फिन बरामद कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस गंभीर मामले को लेकर एसपी सिटी मानुष पारीक ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसका खुलासा किया है।

एसपी सिटी ने बताया है कि तस्कर पूर्वोत्तर के राज्यों से मार्फिन लाकर स्मैक बनाने में उसका इस्तेमाल करते थे। एसपी सिटी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोमवार रात बारादरी थाना पुलिस डोहरा रोड पर छात्रावास के पास पहुंची। वहां डीसीएम के पास एक व्यक्ति बैग लेकर खड़ा था। पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया, जबकि पास में ही खड़ा उसका एक और साथी वहां से फरार होने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सिराज अहमद और खुद को मोहल्ला बंगसान थाना मीरानपुर कटरा जिला शाहजहांपुर का रहने वाला बताया है। पूछताछ में सिराज ने बताया है कि उसके पास मार्फिन है।

# 16 बटालियन सीआरपीएफ ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को किया नमन

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** 16 वी वाहिनी सीआरपीएफ ने अपने रांची बांगर, मथुरा स्थित कैंम्प में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। इस दिवस के एतिहासिक महत्व पर प्रकाश ड़ालते हुए नितिन कुमार, कमाण्डेन्ट 16 बटालियन ने कहा कि 21 अक्टूबर 1959 को हॉट स्प्रिंग, लद्दाख क्षेत्र में, सीआरपीएफ के एक छोटे से गश्ती दल ने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। जब चीनी सेना ने अचानक घात लगाकर हमला किया, तब संख्या में कम होने के बाबजूद सीआरपीएफके जवानों ने असाधारण साहस और वीरता का परिचय देते हुए मोर्चा संभाला। इस संघर्ष में सीआरपीएफ के 10 जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इसलिए दिनांक-21 अक्टूबर को उनकी शहादत को पूरे देश में पुलिस स्मृति दिवस के रुप में मनाया जाता है।

श्री नितिन कुमार, कमाण्डेन्ट 16 बटा सीआरपीएफ विगत वर्ष के दौरान शहीद हुए जवानों के नाम पढ़कर सुनाये एवं उनके बलिदान को नमन किया। साथ ही बताया कि हमारे शहीदों की कुर्बानियां ही हमें राष्ट्र की सेवा के प्रति समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देती है।

इस अवसर पर राजेश्वर सिंह यादव (द्वितीय कमान अधिकारी), श्रीमती विजयलक्ष्मी चौहान (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), राजेश कुमार राय (उप0 कमा0), लोकेश चौधरी, सहा0 कमा0, के साथ वाहिनी के समस्त अधिकारीगण, एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# दीपावली पर मिलावटी खाद्य पदार्थों ने बिगाड़ा लोगों हाजमा

## पटाखों के शोर में कुत्ते, बंदर और बिल्लियां भी हुई आक्रामक, 250 मरीज पहुंचे जिला अस्पताल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** दीपावली पर मिलावटी खाद्य पदार्थों और असंतुलित भोजन ने आम लोगों की सेहत पर भारी असर डाला है। जिस कारण रविवार शाम से मंगलवार दोपहर तक इलाज के लिए 102 मरीज जिला अस्पताल पहुंचे। जिनमे सबसे अधिक पेट संबंधी 48 रोगियों में 22 में फूड प्वॉइजनिंग के लक्षण मिले हैं। अस्पताल में बेड फुल होने से भर्ती कराने को लेकर लोगों में अस्पताल के स्टाफ से नोकझोंक भी होती रही।

जिला अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. एलके सक्सेना के मुताबिक त्योहार के चलते सोमवार को ओपीडी बंद रही और रविवार को सार्वजनिक अवकाश था। छोटी दीपावली की शाम से ही पेट में ऐंठन, मरोड़, दर्द, पेट फूलने और भारीपन की तकलीफ से निजात के लिए लोग यहां पर पहुंचने लगे थे। जिसकी वजह दूषित भोजन और असंतुलित आहार था। इसके अलावा दुर्घटनाग्रस्त और मारपीट के भी घायल इलाज को आते रहे। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों के सापेक्ष त्योहार पर इमरजेंसी में करीब चार गुना लोग इलाज को आए।

हालांकि, दीपावली पर कोई झुलसे, जले हुए मरीज नहीं पहुंचे हैं। आयुर्वेद काय चिकित्सा प्रभारी डॉ. सीबी सिंह के मुताबिक खानपान के दौरान स्वाद के लिए तमाम लोग मिश्रित, तलीय, भुने पकवान के साथ मिठाइयां, नमकीन खा लेते हैं। जिनकी पौष्टिकता संदिग्ध होती है। अगर नशे का सेवन कर लिया जाए तो फूड प्वॉइजनिंग की आशंका बनी रहती है। इसी के साथ दीपावली पर पटाखों के शोर और धुएं से आक्रामक हुए पशुओं ने 250 लोगों पर हमला कर दिया। जो जिला अस्पताल के इमरजेंसी, एआरवी क्लीनिक पर वैक्सीन लगवाने पहुंचे थे।

आईडीएसपी इंचार्ज डॉ. मौसम अब्बास के मुताबिक तमाम लोग घर की छत और खुले मैदानों के अलावा सड़कों पर पटाखे जलाते हैं। इससे पशु आक्रामक हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि एआरवी लगवाने पहुंचे लोगों में ज्यादातर को कुत्ते, बंदर, बिल्लियों ने काटा है।

## पर्व पर रेल यात्रियों की सुविधा हेतु 22 से वाराणसी मंडल से पूजा विशेष गाड़ियों का होगा संचालन

**वाराणसी।** भारतीय रेलवे के साथ-साथ पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पूजा विशेष ट्रेनों के माध्यम से आगामी दीपावाली एवं छठ त्यौहारों में यात्रियों की यात्रा सुगम बना रहा है यात्रियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं इन ट्रेनों के संचालन से मार्गवर्ती स्टेशनों के यात्रियों को जाने, आने में काफी सुविधा हो रही है इसी क्रम में छठ पर्व पर रेल यात्रियों की सुविधा हेतु 22 अक्टूबर 2025 को वाराणसी मंडल से निम्नलिखित पूजा विशेष गाड़ियों का संचालन किया जायेगा। छठ पर्व पर रेल यात्रियों की सुविधा हेतु वाराणसी मंडल के छपरा एवं बनारस रेलवे स्टेशनों पर अस्थाई यात्री आश्रय स्थल एवं पैसेंजर होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं जिनमें यात्रियों हेतु सभी सुविधाएं यथा विद्युत प्रकाश, पंखों, शुद्ध पेय जल, मोबइल यूटीएस टिकटिंग, प्राथमिक चिकित्सा एवं गाड़ियों की जानकारी तथा आवश्यक सूचनाओं की जानकरी के लिए जन सम्बोधन स्पीकर्स एवं वीडियो पैनलों के समुचित प्रबंध किया गया है।

# कथा के समापन पर भागवताचार्य मोहिनी दासी और भक्त सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बलदेव-खंदौली रोड स्थित टेढ़े-मेढ़े बाबा आश्रम, हथकोली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के समापन पर व्यासपीठ पर विराजमान भागवत प्रवक्ता मोहिनी कृष्णदासी को ग्रामीणों ने एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। भक्तों ने उन्हें चुनरी उड़ाई और प्रशस्ति-पत्र भेंट किये। मोहिनी की प्रसंशा में लिखी कविता मढ़वाकर भेंट की गयी।

समापन दिवस पर ह्लब्रजरस की मोहिनी वाणीह्व नामक पुस्तक भी विमोचन से पूर्व व्यासपीठ को समर्पित की गयी। यह पुस्तक मोहिनी कृष्णदासी द्वारा व्यास पीठ से कही गयी कथाओं व भजनों के अलावा वृंदावन की महिमा, कथा के महात्म आदि विषयों पर अनीता रानी शर्मा ने लिखी है।

पुस्तक की प्रथम प्रति परीक्षित श्री राम अवतार सिकरवार रामू को समर्पित की गई। कथा के दौरान मोहिनी कृष्णदासी ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गिरिराज पूजन, द्वारका में राज्याभिषेक तथा सुदामा चरित्र लीला का भावपूर्ण वर्णन कर एक सप्ताह तक श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कृष्ण-सुदामा की मित्रता पर आधारित प्रसंग सुनाते समय अनेक महिला-पुरुष भावविभोर होकर अश्रुपूरित हो उठे। कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई कथा प्रतिदिन भक्तिरस से ओतप्रोत रही।

मोहिनी कृष्णदासी के भजन और कथा वाचन ने पूरे वातावरण को भक्ति और संगीत के सुरों से भर दिया। गाँव भर में की गई लाउडस्पीकर व्यवस्था के कारण कथा की स्वर-लहरियाँ हर घर तक पहुँचीं। कथा के अंतिम दिन मोहिनी कृष्णदासी ने परीक्षित राम अवतार सिकरवार सहित दो दर्जन सहयोगी भक्तों को प्रशस्ति-पत्र, भगवान दाऊजी की प्रतिमा और पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया।

कथा के समापन पर जब मोहिनी कृष्णदासी, उनके पति शिवम् कीक विदाई पर ग्रामीणों की आँखों में अश्रु थे।

मोहिनी कृष्णदासी व उनके पति शिवम ने कहा कि महान संत टेढ़े मेढ़े बाबा की तपोस्थली पर कथा वाचन बहुत सार्थक रहा। कथा आयोजन में सहयोग करने वाले सभी ग्रामीणों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## सार संक्षेप

### समाजसेवी भाजपा नेता प्रिंस पंडित ने गरीब बच्चों के साथ पटाखे जलाकर मनाई दीपावली



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड।** जनपद हापुड के थानां बाबुगढ़ के गांव सिमरौली में समाजसेवी भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रिंस पंडित ने गरीब बच्चों को दीपावली की खुशियां दी अपने आवास पर बच्चोको बुलाकर मिठाई दी और ग्रीन पटाखे दिये और उनके साथ पटाखे भी चलवाये ओर कहा बच्चे देश की शान हैं देश का भविष्य है मेरी दीपावली तभी अच्छी होगी जब मैं किसी जरूरतमंद के घर में जाकर मिठाई पटाखे आदि देकर उनके साथ दीपावली मना सकू प्रिंस पंडित ने बताया कि उनके दादाजी भी राष्ट्रीय संत थे उनके पिता भी फरर के विभिन्न दायित्वों पर रहे और वह भी आज अपने दादाजी व पिताजी के कदमो पर चल रहे है उन्होंने कहा अपने लिए सब जीते है समाज के लिए निःस्वार्थ भाव से कुछ करना है असल जिंदगी का एक हिस्सा है उन्होंने बताया देश का युवा अगर जाग जाये तो इस देश को पुनः सोने की चिड़िया बनाने से कोई नहीं रोक सकता प्रिंस पंडित पूर्व में खेल मंत्री एवं भाजपा के संगठन मंत्री प्रदूमन कुमार के भी सहयोगी रह चुके है प्रिंस पंडित के इस कार्य को लोगो ने बहुत बहुत सराहा है।

### दीपक से कमरे में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव (मिजार्मुराद) में सोमवार को दीपावली की देर रात विनोद कुमार पटेल के मकान में बने कमरे में परिवार के लोग पूजा-पाठ करने के बाद दीप जलाकर आलमारी पर रख दिये और परिवार के सभी सदस्य घर से कुछ दूर पर बने एक दूसरे मकान पर पूजा-पाठ करने चले गए।देर रात दिये के लव से कमरे में भीषण आग लग गया।कमरे से आग की लपट देखकर आसपास के लोगों द्वारा तुरंत इसकी सूचना विनोद को दिया गया।सूचना पर भागे-भागे परिवार के लोग पहुंचे तो देखा पूरा कमरा आग का गोला बना हुआ था।विनोद के आवाज देने पर आसपास के लोग अपने समरसेबुल पंप से कई पाइप लगाकर पानी चालू कर के करीब घंटो मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाए लेकिन तबतक सारा सामान जलकर राख हो चुका था।मकान स्वामी विनोद ने बताया कि आलमारी में रखा दस हजार रुपया नगद व सोने के कुछ जेवरात थे साथ ही कपड़े, बर्तन, पलंग, सिंगारदान, चौकी समेत खाने पीने के सारे सामान जलकर राख हो गए।जले हुए सामान की कीमत लगभग चार लाख रुपया बताया गया।

### बाइक सवार गिरे, घायल

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के भिखीपुर (मिजार्मुराद) गांव के सामने हाइवे के सर्विस लेन पर मंगलवार दोपहर खजुरी के तरफ से आ रहे बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे बने खुले नाले में जा गिरे जिससे बाइक सवार दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने दोनों घायलों को नाले से निकलवाकर इलाज हेतु जक्खिनी अस्पताल भेज दी।बाइक सवार युवक कल्लीपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी कल्याण राजभर उम्र (22) वर्ष व अमवा (भदोही) निवासी राहुल राजभर उम्र (26) वर्ष बताए गए।वही क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस नाले से निकलवाकर रोड के किनारे खड़ी करवाई।बाइक सवार कल्लीपुर से चक्रपानपुर जा रहे।घटना की सूचना पुलिस द्वारा परिजनों को दे दिया गया है।

# करंट से बिजली मिस्त्री की मौत, परिजनों में कोहराम

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के काछवा-कपसेठी मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक के दुकान पर सोमवार की देर शाम दुकान पर दीपावली पर्व पर पूजा करते समय करेंट की चपेट में आ जाने से बिजली मिस्त्री ठठरा गांव (मिजार्मुराद) निवासी मुन्ना बिन्द उर्फ प्रमोद उम्र (40) वर्ष पुत्र स्व.केदार बिन्द की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ठठरा गांव (मिजार्मुराद) निवासी मुन्ना बिन्द उर्फ प्रमोद का कछवांरोड में कपसेठी मार्ग पर सुपर इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दुकान है दीपावली पर्व पर मुन्ना दुकान में पूजा पाठ दीप जलाकर कर रहा था उसी समय किसी खुले तार से मुन्ना का हाथ टच हो गया जिससे वो करेंट की चपेट में आकर वही गिरकर बेहोश हो गए।दीपावली पर घर समय न पहुंचे पर पत्नी मुन्नी देवी फोन करने लगी जब फोन नही उठा तो परिवार के लोग आकर देखे तो ये दुकान गिरे पड़े थे। परिजनों द्वारा युवक को इलाज हेतु कछवांरोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बताया कि इनकी करेंट लगने से मौत हो चुकी है। मृतक दो भाइयों में छोटा था व दो पुत्र और एक पुत्री का पिता बताया गया। मृतक का शव घर पहुंचे ही परिजनों में कोहराम मच गया।दीपावली के दिन बस्ती में घटना होने से पूरी बस्ती गमगीन हो गया।परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये शव दाह-संस्कार हेतु लेकर चले गए।

# कैंट थाना प्रभारी शिवाकान्त मिश्रा ने धूमधाम से मनाया दीपावली उत्सव



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** कैंट पुलिस ने थाना परिसर में धूमधाम से मनाया दीपावली का त्यौहार महिला पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर के मुख्य द्वार पर भव्य रंगोली बनाया जो दूर से ही आकर्षक का केन्द्र रहा थाना प्रभारी शिवाकान्त मिश्रा ने सभी पुलिसकर्मियों सँग दीप प्रज्ज्वलन किया और बांटी मिठाइयाँ साथ ही सभी को दिया दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

दीपावली उत्सव मनाने के दौरान थाना परिसर में सभी अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## रील बनाते हुए युवक का पैर फिसला गंगा में हुआ लापता

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव दरावर निवासी युवक गुड्डू पुत्र नरेश उम्र करीब 30 साल पैंटून पुल पर मोबाइल से रील बनाते समय अचानक पैर गंगा में फिसल गया और लापता हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गुड्डू दोपहर बाद गंगा स्नान करने मां अवंतिका देवी गंगा घाट पर गया था। उसके बाद अधबने पैंटून पुल पर जाकर अपने मोबाइल से रील बनाने लगा, रील बनाते बनाते अचानक उसका गंगा में पैर फिसल गया और गहरा जल होने के कारण लापता हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना उसके परिजनों को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घाट पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों द्वारा उस युवक की गंगा में तलाश शुरू की।

# पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए अदद मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी को किया सुपुर्द

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों, वस्तुओं के तलाश हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त जोन वरुणा के आदेश के क्रम में अपर पुलिस उपायुक्त जोन वरुणा के प्रवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल निर्देशन में थाना शिवपुर टीम द्वारा 21 अक्टूबर 2025 को बरामदशुदा एक अदद रीयलमी मोबाइल को उसके मालिक को थाना शिवपुर पर बुलाकर सुपुर्द किया गया वर्तमान परिपेक्ष्य में मोबाइल गुम होने पर कोई भी व्यक्ति अपने नजदीकी थाना पर मोबाइल बिल के साथ अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है गुम हुये मोबाइल के सम्बन्ध में मोबाइल बिल व पुलिस शिकायत प्रति को अपलोड करते हुए शिकायत दर्ज कर सकते है जिससे गुम हुये मोबाइल में पुनः दूसरी सिम लगाने पर उसकी जानकारी सम्बन्धित शिकायतकर्ता व सम्बन्धित थाना को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगी।

बरामद करने वाली टीम में वीरेन्द्र कुमार सोनकर प्रभारी निरीक्षक शिवपुर, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए प्रवीण कुमार वर्मा सहित थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी की पुलिस टीम शामिल रहीं।

# करनैल सिंह विधायक, शकूरबस्ती विधानसभा संयोजक मंदिर प्रकोष्ठ भाजपा दिल्ली प्रदेश की हुई विशेष बैठक

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र में भाजपा दिल्ली प्रदेश के मंदिर प्रकोष्ठ की ओर से मंदिरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इस बैठक की अध्यक्षता विधायक करनैल सिंह ने की। बैठक में मंदिरों की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, धार्मिक आयोजनों के समुचित संचालन और सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

करनैल सिंह ने कहा कि मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं बल्कि समाज की आस्था और संस्कारों का केंद्र हैं भाजपा सदैव इनके संरक्षण और सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है आने वाले समय में मंदिरों में स्वच्छता, भंडारा आयोजन और धार्मिक कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा वहीं मुकेश भारद्वाज ने बताया कि यह बैठक समाज में धार्मिक चेतना और एकता को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

बैठक के अंत में मंदिर प्रकोष्ठ ने निर्णय लिया कि क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिरों में सेवा शिविर, सांस्कृतिक आयोजन और भक्तों की सुविधा हेतु विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

बैठक में मंदिर प्रकोष्ठ के सक्रिय कार्यकताओं मुकेश भारद्वाज, निधि गुप्ता और हर्षित राय सहित काफी संख्या में स्थानीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिहड़ा में हुए विवाद के मामले में एक बाल अपचारी समेत पांच को गिरफ्तार, भेजा जेल



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव में सोमवार की देर रात जुआ खेलने के दौरान पैसे को लेकर दलित व वनवासी लोगों के बीच हो रहे विवाद की सूचना पर पहुंची मिजार्मुराद पुलिस दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर झगड़ा छुड़ाने लगी तो उग्र होकर ग्रामीणों द्वारा मिजार्मुराद पुलिस पर ही पथराव करने लगे व दरोगा की बाइक जला देने के साथ ही सरकारी एम्बुलेंस पर पथराव कर सीसी तोड़ने व ड्राइवर को गाली-गलौज देने के मामले में मिजार्मुराद पुलिस ने मंगलवार को दबिश देकर बिहड़ा गांव निवासी बचाऊ वनवासी, बंशी वनवासी, मैना वनवासी, शिला व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करने के बाद जेल भेज दी। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बवालियों का वीडियो के माध्यम से पहचान किया जा रहा है अन्य आरोपी जल्द गिरफ्तार कर लिये जाएंगे।

# विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस, पथराव एसआई की बाइक फूक दी, जमकर बवाल

## थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय के तहरीर पर 15 बवालियों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज, आधा दर्जन हिरासत में

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के बिहड़ा गांव स्थित पावर हाउस के पास सोमवार की देर रात जुआ खेलते समय पैसे को लेकर दलित बस्ती व वनवासी बस्ती के लोगों के बीच जमकर विवाद हो गया।जिसके बाद लाठी-डंडा चलने से महिला समेत अन्य घायल हो गए।ग्रामीणों द्वारा बवाल की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया।

सूचना पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल फोर्स के साथ पहुंच झगड़ा छुड़ाने लगे उसी समय बवालियों द्वारा पुलिस पर पथराव कर दिया गया जिससे कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए।वही बवालियों द्वारा मिजार्मुराद थाने के एसआई कौशल किशोर की बाइक को आग के हवाले कर दिया गया जिससे पूरी बाइक जलकर राख हो गई वही सरकारी एम्बुलेंस 108 मौके पर पहुंची उसको भी बवालियों द्वारा पथराव कर तोड़फोड़ कर दिया गया व ड्राइवर को गाली-गलौज दिया गया।बवाल की सूचना पर डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल, एसीपी (राजातालाब) अजय कुमार श्रीवास्तव, राजातालाब, जंसा व कपसेठी के फोर्स साथ मौके पर पहुंच हलका बल प्रयोग कर बवालियों को तीतिर बीतिर किये। विवाद के दौरान दलित बस्ती की महिला विसुन देवी, गुड्डू व किशन को भी चोट आया। पुलिस द्वारा मौके से आधा दर्जन बवालियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।वही मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय के तहरीर पर थाने में 15 नामजद व अज्ञात के खिलाफ धारा 191(2), 191(3), 190, 109, 326, 121(1), 121(2), 132, 324(4) व 7 सीएलए के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई। मंगलवार को बिहड़ा गांव में तनाव को देखते हुए पीएसी समेत स्थानीय पुलिस फोर्स गांव में तैनात रही एडीसीपी वैभव बागर द्वारा गांव में फोर्स लेकर भम्रण कर लोगों से बोला गया कि किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाया जाए शांति से रहे।

# दीपावली की रात सदमें की रात, आग ने दो घरों मे मचाई तबाही लाखों का सामान जलकर राख

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** दीपावली की खुशियों के बीच नगर पंचायत बिस्कोहर में सोमवार रात आग की लपटों ने दो परिवारों की ज़िंदगी तहस-नहस कर दी। वार्ड नंबर 09, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, टोला रमवापुर (कोहड़ौरा तिराहा) में देर रात लगी भीषण आग में दोनों परिवारों की संपत्ति जलकर राख हो गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कुल मिलाकर करीब 17 से 18 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा रात करीब आठ से नौ बजे के बीच हुआ। दीपावली के मौके पर जब मोहल्ले में पूजा-पाठ और उत्सव का माहौल था, तभी अचानक रामगोपाल गुप्ता के पक्के मकान में आग भड़क उठी। परिवार उस वक्त पास की किराने की दुकान पर था। कुछ ही मिनटों में लपटों ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया।

रामगोपाल गुप्ता और उनकी पत्नी माया देवी ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 7 मार्च 2026 को तय थी। शादी के लिए कपड़े, फर्नीचर, बर्तन और अन्य सामान घर में जमा था, जो सब जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि करीब 10 से 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बेटी की शादी का सारा सामान नष्ट हो जाने से पूरा परिवार सदमे में है। इसी मकान के एक हिस्से में किराए पर रह रहे शेषराम यादव, निवासी वार्ड नंबर 07 अशोक नगर, संग्रामपुर, का भी भारी नुकसान हुआ। शेषराम जयमाल और सजावट का व्यवसाय करते थे। आग में दुकान का सारा सामान जल गया। उन्होंने बताया कि उनकी कई बुकिंग थीं, लेकिन अब कुछ भी नहीं बचा। उन्हें करीब 6 से 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दीपावली की रात इलाके में बिजली दो बार ट्रिप हुई थी, जिससे शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आसपास के लोगों ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था।

घटना की सूचना पर मंगलवार सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर सांत्वना दी और तहसीलदार इटवा को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

## जीजा-साले ने किशोरी को बहला-फुसलाकर गाड़ी में ले गए, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब 14 वर्षीय किशोरी को गांव गंगेरू निवासी युवक सलमान अपने जीजा रिहान के साथ मिलकर बहला-फुसलाकर गाड़ी में बैठाकर ले गया। परिजनों को जब घटना का पता चला तो घर में कोहराम मच गया। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की तलाश में दबिशें दीं। मंगलवार को पुलिस टीम ने हाइवे से किशोरी और आरोपी सलमान को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा है, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जा सके।

# मिशन शक्ति अभियान : बालिकाओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिषेक महाजन के निर्देश पर बालिकाओं व महिलाओं के सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति फेस 5 के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान के तहत मंगलवार को थाना खेसरहा पुलिस टीम के द्वारा अभियान चलाया गया।

थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक चंद्रिका प्रसाद मौर्य, ज्ञान प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार सिंह, कांस्टेबल अरुण कुमार पांडेय व महिला कांस्टेबल संगीता देवी एवं अंजली यादव के द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मेहनुआ बाबा में महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076 , 1098, 108,102, 1930 साइबर हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान क्षेत्र के बिसरी रोड, नारायणपुर - मरवटिया रोड पर चेकिंग कर व्यक्तियों से पूछताछ की। 36 शोहदे से माफीनामा भरवाया गया और चेतावनी देकर छोड़ा गया।

## किठौर पुलिस ने शांति भंग करने पर पांच को किया गिरफ्तार




**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** थाना किठौर पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए शांति भंग के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने ग्राम नंगली अब्दुल्ला में शौचालय निर्माण को लेकर हुए विवाद और पटाखों के कारण भड़के झगड़े के मामलों में शामिल व्यक्तियों को हिरासत में लिया। इसके अलावा ग्राम नंगली किठौर में ससुराल पक्ष के साथ हुए विवाद में शामिल लोगों को भी गिरफ्तार किया गया।थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि ऐसे विवादों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई है।

## जंगल में प्रेमी युगल को पकड़ा

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव घसौली के जंगल में कुछ युवकों ने एक प्रेमी युगल को पकड़ लिया। बताया गया कि युवकों ने दोनों को रोककर पूछताछ की और इस दौरान युवक के साथ मारपीट भी की। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें युवक बाइक पर बैठा दिखाई दे रहा है और कुछ लोग उसे थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि आसपास काफी लोग मौजूद हैं और मौके पर हंगामे का माहौल बना रहा। बाद में दोनों को छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि युवक कस्बे का रहने वाला है, जबकि युवती के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। वायरल वीडियो कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस मामले में जब पुलिस से जानकारी ली गई तो थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दीपावली त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया और लोगों ने घरों को आकर्षक झालरों से सजाया। इसके बच्चों और युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। देहात क्षेत्र में पहली बार सोमवार और मंगलवार को लोगों ने गंगा घाटों पर स्नान किया और मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी।

शाम के समय अपने अपने घरों में शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की। उसके बाद झारखंडी मंदिर, मां चामुण्डा देवी मंदिर और शिव मन्दिर में दीये जलाए एवं प्रसाद वितरण किया।देर रात बच्चों और युवाओं ने आतिशबाजी छोड़ी। क्षेत्र में खुशी का माहौल बना रहा।

लोगों ने अपने अपने प्रतिष्ठान की सजावट की। अहार, मौहरसा, जटपुरा,, चरौरा, भगवन्तपुर, खालकपुर, हसनपुर वांगर, नगला नलू, औरंगाबाद ताहार पुर, खदाना आदि गांवों में दीपों का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सोमवार और मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ दिन और रात में गश्त करते रहे।

## दहेज में बाइक की मांग पर नवविवाहिता को घर निकला

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डुढार निवासी एक नवविवाहिता ने अपने पति पर दहेज में बाइक की मांग करने और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने आरोपित के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार, गांव डुढार निवासी मुस्कान की शादी छह माह पूर्व शामली के मालैंडी निवासी युवक अंकुर के साथ हुई थी।युवती की शादी में परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति ने दहेज में बाइक की मांग शुरू कर दी।पीड़िता का कहना है कि जब उसने स्वजन से बाइक न मांगने की बात कही, तो आरोपी पति ने उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। कुछ दिन पूर्व हुए विवाद में आरोप है कि पति ने उसे बुरी तरह पीटा और घर से निकाल दिया।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को और अधिक जागरूक करने, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में की जा रही ठोस और प्रभावी कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को थाना अहमदगढ पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम द्वारा मंदिरो/मुख्य बाजार/चौराहो एवं अन्य भीड-भाड वाले स्थानो पर जाकर बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि एवं साइबर अपराधों के प्रकार एवं उन पर प्रभावी रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## दीपावली पर्व पर कठेला शर्की के ग्राम प्रधान ने बंटवाई मिठाई



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**कठेला/सिद्धार्थनगर।** इटवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठेला शर्की में दीपावली के अवसर पर ग्राम प्रधान रीमा के तरफ से उनके प्रतिनिधि राम विनेश निषाद ने ग्रामीणों और कर्मचारियों को मिठाई वितरण की और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। सोमवार को प्रधान प्रतिनिधि राम विनेश निषाद ने अपने ग्राम पंचायत कठेला शर्की के टोला महादेव , दुबरिपुर, धंगरहवा, देबियापुर , मधुनगरा, सोनबरसा, बरमपुर, अमहवा, लोहार डीह व बनकटवा का भ्रमण किया और घर - घर जाकर मिठाइयां बांटी। उन्होंने अपने घर पर भी मिठाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया, जहां पर सुबाष शर्मा, सरफराज उर्फ ललाऊ, विनोद, अजय कुमार , सोनू, आदर्श व , राकेश साहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बस का टायर फटने से बाइक सवार वृद्ध की मौत

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** जनपद के बांसी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर लगभग 1:00 बजे एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय साइकिल सवार बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। यह दुर्घटना गोरखपुर से बांसी जा रही एक अनुबंधित बस का टायर फटने से हुई।

पुलिस के अनुसार, बस का अगला टायर अचानक फट गया, जिससे वह अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बस ने सामने से आ रहे साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी।मृतक की पहचान भूसौला निवासी लाल बचन मिश्र पुत्र रामबरन मिश्र (65 वर्ष) के रूप में हुई है।

बताया गया है कि लाल बचन मिश्र किसी निजी कार्य से साइकिल से बांसी की ओर जा रहे थे।खलीलाबाद-बांसी मार्ग पर ग्राम पंचायत देवरिया के नहर से लगभग 100 कदम की दूरी पर नरही बुजुर्ग गांव के निकट हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।सूचना मिलते ही बांसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बस और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ जारी है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर जाम लग गया था, जिसे बाद में पुलिस ने नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण होने वाले हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से यातायात सुरक्षा उपाय और स्पीड कंट्रोल की मांग की है।

# एनडीआरएफ की टीम ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बचाया

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** कोलकाता में आधिकारिक ड्यूटी से लौटते हुए 12 एनडीआरएफ ईटानगर टीम ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के वॉशरूम क्षेत्र में एक बेहोश यात्री की खोज की तात्कालिकता को पहचानते हुए,टीम ने तुरंत कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) शुरू किया जो एक महत्वपूर्ण आपातकालीन प्रक्रिया है जो रक्त परिसंचरण और सांस को बहाल करती है उनके समय पर सीपीआर ने सीधे यात्री को होश में लाने और कार्डियक इवेंट से बचने में योगदान दिया।

पुनरुद्धार के बाद व्यक्ति ने उन दोस्तों से संपर्क किया जो तुरंत पहुंचे और आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए सुरक्षित संगत प्रदान की इसने प्रारंभिक आपातकालीन हस्तक्षेप से परे देखभाल और समर्थन की निरंतरता सुनिश्चित की यह बचाव विशेष महत्व प्राप्त करता है क्योंकि यह भारत सरकार के सीपीआर जागरूकता सप्ताह के हालिया उत्सव के तुरंत बाद आता है सीपीआर एक महत्वपूर्ण जीवन रक्षक कौशल है जो कार्डियक आपात स्थितियों में नाटकीय रूप से अस्तित्व दर को बढ़ा सकता है जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य देश भर के नागरिकों को सीपीआर को प्रभावी ढंग से करने के लिए शिक्षित करना और सशक्त बनाना है,दिल की धड़कन रुकना और अन्य आपात स्थितियों से होने वाली मौतों को कम करना है।

एनडीआरएफ टीम की त्वरित और कुशल प्रतिक्रिया आज संकट की स्थितियों में सीपीआर प्रशिक्षण और तत्परता के महत्व को दशार्ती है हमें सीपीआर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रयासों का समर्थन करना चाहिए और समुदायों को जीवन बचाने के लिए इस महत्वपूर्ण कौशल को सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिऐ घटना की तस्वीरें और वीडियो रेलवे स्टेशन पर दर्शकों ने कैद कर लिए ये फुटेज एनडीआरएफ उत्तरदाताओं की तकनीकी दक्षता और मानवीय करुणा दोनों को दशार्ते हैं।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में बैठक का आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ में विचार गोष्ठी हुई इसमें गन्ना किसानों की समस्याओं पर विचार हुआ जैसेः-

भाकियू अराजनैतिक के द्वारा एजीएम की बैठक में सेंटर गन्ना क्रिय केंद्रों की मांग 16-9-2025 में हुई थी यह मांग रंग लाई जिसमें सिंभावली शुगर मिल के 26 सेंटर अन्य मिलों को दिए गए यहां पर 10 साल में पहली बार इतने सेंटर कटे हैं आज भी चीनी गोदामों में चीनी भरी पड़ी है सिंभावली पर 130 करोड़ बृजनाथपुर पर 60 करोड़ बकाया है अगर यह चीनी बिक जाती है तो किसानों को गन्ना भुगतान हो जाएगा।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने 16-10-2025 को एनसीएलएटी कोर्ट में मजदूर हड़ताल का पक्ष कोर्ट के सामने रखा था, क्योंकि फैक्ट्री समय से नहीं चलती उसके बाद आईआरपी हरकत में आया तब जाकर मजदूरों की मांगे मानी गई ! भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक 29-10-2025 को आगामी कोर्ट की तारीख पर दलबल के साथ जाएगी और एनसीएलएटीकोर्ट में मजिस्ट्रेट के सम्मुख क्षेत्र के गन्ना किसानों की भलाई व सुधार के लिए अवगत कराएगी इसमें किसान व मिल हित की सच्चाई का पता चल सके।साथ में जितेंद्र नागर, अनिल हूण, सरजीत सिंह, मांगे सिंह प्रधान, कैलाश सिंह आदि।

## किसानों के ट्यूबवेलों से मोटर, स्टार्टर चोरी, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के ही गांव डांगरोल में चोरों ने एक बार फिर किसानों को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। गांव निवासी किसान अंजु सिंह ने मंगलवार को थाने में तहरीर देते हुए बताया कि बीते दो दिनों के भीतर अज्ञात चोरों ने जंगल क्षेत्र में स्थित आधा दर्जन से अधिक किसानों की ट्यूबवेलों से मोटर, स्टार्टर, तांबे के तार और अन्य विद्युत उपकरण चोरी कर लिए। किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने रात में गश्त बढ़ाने और शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चार स्थानों पर हुए इंतेकाल से गम का माहौल , नगर में छाया सन्नाटा

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** कस्बे में मंगलवार का दिन गम और अफसोस से भरा रहा। नगर के अलग-अलग मोहल्लों में चार लोगों के इंतेकाल की खबरों ने पूरे कस्बे को मायूस कर दिया। हर ओर मातम का माहौल रहा और लोग एक-दूसरे से मिलकर दुख साझा करते नजर आए।कस्बे के मशहूर दर्जी एम. अख्तर का इंतेकाल हो गया।

उन्होंने अपनी बेहतरीन कारीगरी और हुनर के बल पर सिलाई के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई थी। उनके बनाए कुर्ते-पायजामे आम लोगों से लेकर बड़े-बड़े नेताओं तक की पसंद रहे हैं। मेहनती और सादगी पसंद जनाब एम. अख्तर के निधन की खबर से उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। व्यापारिक वर्ग सहित नगरवासियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और उन्हें ईमानदारी व लगन का प्रतीक बताया।दूसरी ओर कस्बे की राजनीति से जुड़ी गमगीन खबर सामने आई। मरहूम सलीम राणा के भाई शाहिद उर्फ सांबा का सुबह इंतेकाल हो गया। शाहिद उर्फ सांबा को कस्बे की राजनीति में एक समझदार और अनुभवी व्यक्ति के रूप में जाना जाता था।

उन्होंने हमेशा लोगों के बीच आपसी भाईचारे और एकता को बढ़ावा दिया। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि राजनीति जगत में भी शोक की लहर है।इसके अलावा, मोहल्ला मिर्दगान निवासी हाजी मंजूर के पुत्र नवाब खान के निधन की खबर से भी लोगों के चेहरों पर मायूसी छा गई।इसी बीच चौथी दुखद खबर मोहल्ला चुनगरो से आई, जहां भाई शौकत का इंतेकाल हो गया। उन्हें हुक्का बनाने के हुनर में माहिर माना जाता था।

उन्होंने अपनी ज़िंदगी सादगी और मेहनत से गुजारी और अपने काम को ईमानदारी के साथ निभाया। उनके निधन की खबर से उनके चाहने वाले और जानने वाले सभी लोग गमगीन हैं।एक ही दिन में चार-चार लोगों के इंतेकाल की खबरों ने कस्बे को गम में डुबो दिया। पूरे दिन नगर में सन्नाटा और शोक का माहौल बना रहा।

# बाल बंदियों के साथ दीपावली पर्व मनाया

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर**। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में निरूद्ध बाल बन्दियों को दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर बाल बन्दियों के साथ जिला जज संजय सिंह, जिलाधिकारी श्रुति, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुलंदशहर शहजाद अली, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रमोद कुमार पाण्डेय ने दीपावली का पर्व मनाया।

बाल बन्दियों को उपहार स्वरूप मिठाई, फल, महापुरूषों की जीवनी पर आधारित पुस्तकें, चॉकलेट आदि वितरित किये गये। सभी बाल बन्दियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। सभी बाल बन्दियों को प्रेरित किया गया कि वह अपने जीवन में यह प्रण लें कि सभी बुराईयों का त्याग कर एक जिम्मेदार नागरिक की तरह अपना जीवन यापन करेंगे। पूर्व में की गई गलतियों को भुलाकर आने वाले समय में अच्छा व्यक्ति बनेंगे। महापुरूषों की दी गई पुस्तकों को पढ़कर उनके जीवन से प्रेरणा लें।

दीपावली के पर्व पर अपने मध्य अधिकारियों को पाकर बाल बन्दियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी बाल बन्दियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक रमेश सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शातिर चोर को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**। थाना गुलावठी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर भमरा मार्केट के सामने सिकन्द्राबाद रोड़ से चोरी की घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त को 02 जोड़ी पाजेब, 01 जोड़ी बिछुवे, 01 छल्ला एवं 02 सिक्के (सफेद धातु), 05 बकरे व 3,88,000/- रुपये सहित गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का चोर है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 30.04.2025 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत तेवतिया पुरम गली नं03 से एक व्यक्ति के घर में घुसकर आभूषण चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअसं-180/25 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत है।

गिरफ्तार साजिद उर्फ चूमडा पुत्र इकरामुद्दीन निवासी ग्राम भमरा



थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर के अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 06.10.2025 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोटा में संचालित एक बकरे फार्म से 18 बकरे चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअसं-465/25 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के निरन्तर प्रयास किए जा रहे थे।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।

# पुलिस स्मृति दिवस समारोह का आयोजन कर शहीद पुलिसकर्मियों को दी गयी गई श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**। अपने कर्तव्य की बेदी पर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की याद में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में प्रातः 08.00 बजे पुलिस स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित अधिकारीगण/कर्मचारीगण द्वारा शहीद हुए पुलिस जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी एवं शहीद हुए पुलिस जवानों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष उन शहीदों की याद में मनाया जाता है, जो अपनी ड्यूटी बडी निष्ठा के साथ करते हुए शहीद हो जाते हैं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ढाबे में लगी आग, लाखों का माल जलकर खाक

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद**। नगर के चांदौक दोराहे के निकट स्थित जेबी पहलवान ढाबे पर दिवाली की देर रात लगभग पौने 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि ढाबे के गोदाम में रखा लाखों का माल जलकर खाक हो गया। होटल संचालक ने तत्काल अग्निश्मन केंद्र पर फोन किया जिसके बाद मौके पर पहुंचे अग्निश्मन वाहनों ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं ढाबा संचालकों ने किसी के द्वारा जानबूझकर आग लगाए जाने का अंदेशा जताया है।

जानकारी के मुताबिक नगर के मौहल्ला सरदार गंज निवासी लवकेश गिरी और मौहल्ला गुसाईयान निवासी चेतन शर्मा का चांदौक दोराहे के निकट जेबी पहलवान ढाबा है। सोमवार की देर रात लगभग 9 बजकर 40 मिनट पर ढाबे के साइड में बने गोदाम मे अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। आग में दो जेनरेटर सहित लाखों का माल जलकर खाक हो गया।

होटल संचालक ने बताया कि उन्होंने जुलाई 25 को ढाबे की शुरूआत की थी। तीन माह के भीतर इस प्रकार की घटना से उन्हें भारी आर्थिक हानि पहुंची है। संचालकों को यह घटना किसी के द्वारा सोची समझी साजिश लग रही है साथ ही उन्होंने मामले की जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# एसएसपी द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी बुगराई थाना खुर्जा देहात का किया गया उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**। जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी बुगराई, थाना खुर्जा देहात का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया गया। इसके निर्माण से स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा, सहायता एवं शीघ्र पुलिस हस्तक्षेप का प्रभावी लाभ प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या, आवागमन एवं सामाजिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए यह चौकी स्थानीय स्तर पर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा



उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा बुलंदशहर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

बुगराई में पुलिस चौकी की स्थापना इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। इससे न केवल पुलिस की पहुँच मजबूत होगी, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी और प्रबल होगी। हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को न्याय एवं सुरक्षा का भरोसा मिले और पुलिस हर वक्त जनसेवा के लिए तत्पर रहे*। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी खुर्जा पूर्णिमा सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मंत्री का नाम लेकर व्यापारी से रगड़वाई नाक, आरोपी गिरफ्तार, अखिलेश बोले-अहंकार में चूर हैं भाजपाई

वेलकम इंडिया

**मेरठ**। मेरठ के तेजगढ़ी चौराहे के पास कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विकुल चपराना ने राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर का नाम लेकर कपड़ा व्यापारी सत्यम रस्तोगी को अपमानित किया।

आरोपी ने व्यापारी से गाली-गलौज करते सड़क पर नाक रगड़वाकर माफी मंगवाई और उनकी कार में तोड़फोड़ की। पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन आरोपी को रोकने या उस पर कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पाई। एसएसपी ने मंगलवार देर रात कीर्ति पैलेस चौकी प्रभारी गौरव सिंह, हेड कांस्टेबल चेतन और कांस्टेबल बृजेश को लाइन हाजिर कर दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी एक्स पर पोस्ट कर सरकार को घेरने का प्रयास किया। भीड़ में हुई इस घटना की लोगों ने वीडियो बनाई और वायरल कर दी। मामला सोशल मीडिया पर चर्चा में आया तो पुलिस ने मेडिकल थाने में आनन-फानन केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के







बाद आरोपी को जमानत मिल गई।

शास्त्रीनगर डी ब्लॉक निवासी कपड़ा व्यापारी सत्यम रस्तोगी रविवार को तेजगढ़ी चौराहे के पास अपने दोस्तों के साथ एक होटल पर खाना खाने के लिए आए थे। होटल के बाहर कार खड़ी करने को लेकर सत्यम रस्तौगी और विकुल चपराणा के बीच कहासुनी हो गई। विकुल ने दोस्तों को कॉल बुला लिया।

आरोपी ने सत्यम रस्तौगी से गाली गलौज की। विरोध पर हंगामा हुआ। कुछ ही देर में पुलिस भी पहुंच गई। विकुल ने पुलिस के सामने ही सत्यम से सड़क पर नाक रगड़कर माफी मंगवाई। पुलिस तमाशबीन बनी रही। देर शाम पुलिस ने आरोपी विकुल चपराना को गिरफ्तार कर लिया।

मेरठ व्यापार मंडल आज घेराव करेगा

इस घटना से मेरठ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में आक्रोश है। जिलाध्यक्ष जीतू नागपाल के नेतृत्व में व्यापारी डी. ब्लाक शास्त्रीनगर स्थित व्यापारी सत्यम से मिले। जीतू नागपाल ने बताया कि इस मामले में बुधवार को एसएसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान जूही त्यागी, उमाशंकर खटीक, गौरव वाल्मीकि, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहें।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। इस मामले से प्रदेश नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करती। अपराधियों का भाजपा से कोई लेनादेना नहीं है।

शिव कुमार राणा, जिलाध्यक्ष, भाजपा

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पहले केस दर्ज किया गया और फिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को इस मामले में लापरवाही बरतने और कार्रवाई न करने पर लाइन हाजिर किया गया है। डॉ. विपिन ताडा, एसएसपी

## अहंकार में चूर हैं भाजपाई : अखिलेश यादव

व्यापारी से नाक रगड़वाने के वायरल वीडियो को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पोस्ट कर लिखा कि भाजपाई सत्ता के अहंकार में चूर होकर किसी को भी अपमानित करने से नहीं चूकते। भाजपाई न भूलें एक न एक दिन हर दंभ का अंत होता है।

## पहले भी मंत्री का नाम लेकर हुई है अभद्रता

ऊर्जा राज्य मंत्री के नाम लेकर पहले भी कई बार मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। 22 फरवरी को डॉ. सोमेंद्र तोमर के भतीजे निखिल तोमर ने ब्रह्मपुरी के ईश्वरपुरी में एक युवक को पीटा था। इसका भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

# प्रेमिका के भाइयों ने की प्रेमी की हत्या, रिश्ते में लगता था चचेरा भाई

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**। खुर्जा में ऑनर किलिंग की वारदात को अंजाम देने के लिए प्रेमिका के भाई ने प्रेमी को फोन काल किया तथा उसको फोन कर बातचीत के लिए बुलाया और दिन दहाड़े चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या कर फरार हो गए। मामले को लेकर बुलंदशहर के एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि तहेरी बहन के साथ प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एफआईआर दर्ज की जा रही है। युवती के फरार हत्यारोपी भाइयों की गिरफ्तारी को संभावित स्थानों पर दबिशें दी जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार खुर्जा देहात थाना क्षेत्र के इस्लामाबाद निवासी इमरान पुत्र रहीस पॉटरी फैक्ट्री टाटा ऐस चलाने का काम करता था। आरोप है कि मंगलवार को इमरान को पड़ोस में ही रहने वाले उसके तहेरे भाई ने फोन कर बुलाया। जैसे ही घर पहुंचा तो घर के बाहर छुरी से कई वार कर



गोद डाला और बेरहमी से लहूलुहान कर फरार हो गए दिन दहाड़े हुई वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई।

आनन फानन में लहूलुहान इमरान को परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इमरान की हत्या के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक का तहेरी बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को शक था कि इमरान ही उसे भागकर ले गया है। इमरान को बात करने के बहाने काल कर बुलाया और हत्या कर फरार हो गए।

वहीं पुलिस कप्तान ने बताया कि युवती के परिजन दोनों के प्रेम प्रसंग का विरोध कर रहे थे। युवती के भाई जुबैर आदि ने फोन कर बुलाया और प्रेमी चचेरे भाई इमरान की हत्या कर दी और फरार हो गए। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# युवक पर सरेराह हमला कर हत्या: जेल से बाहर आये दुष्कर्म के आरोपी ने की वारदात

वेलकम इंडिया

**झांसी**। सोमवार को मऊरानीपुर थाना इलाके के ग्राम सितौरा में एक युवक पर सरेराह हमला कर हत्या कर दी। भाई की तहरीर पुलिस ने पांच नामजद समेत आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है आरोपी कुछ दिन पहले जेल से बाहर आया है। मृतक के परिवार ने दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया था इसी को लेकर वह दबाव बना रहा था।

मृतक के भाई शिशुपाल ने बताया कि सोमवार को वह अपने भाई रामकिशुन (27) के साथ दीपावली की खरीददारी करने बाजार गया हुआ था। दोपहर तकरीबन 12 बजे दोनों भाई बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दरम्मान दांव से पहले लाल पहाड़िया के पास रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और भाई रामकिशुन पर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। उसने भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद सभी मौके से भाग गए। घटना में भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे आनन फानन सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र से लाया गया। हालत गंभीर होने पर यहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उसकी मौत हो गई। भाई की तहरीर पर पुलिस ने श्रीधर सुमित व तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गमले की पड़ताल शुरू कर दी।

मृतक के भाई ने बताया कि उन लोगों ने आरोपियों पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। आरोपी कुछ समय पहले जेल से बाहर आया था। जेल से लौटने के बाद वह पीड़ित पक्ष पर राजीनामा का दबाव बना रहा था, इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया।

मऊरानीपुर थाना प्रभारी विद्यासागर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया था। पोस्टमार्टम होने बाद हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# 50 लाख की चोरी का पदार्फाश:घरेलू सहायिका ने उड़ाए जेवर, गिरफ्तार

**मेरठ**। मेरठ पल्लवपुरम थाना पुलिस ने पॉश कॉलोनी शील कुंज में व्यापारी मनप्रीत के घर हुई 50 लाख की चोरी का खुलासा करते हुए घरेलू सहायिका बॉबी देवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सोने, चांदी और हीरे के जेवर बरामद कर लिए। थाना प्रभारी रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे व्यापारी मनप्रीत की पत्नी ईशु ने घर से गहने गायब होने की सूचना दी थी। जांच के दौरान घरेलू सहायिका पर शक गया। पूछताछ में उसने वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने घटना के बाद आसपास के 45 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन किसी संदिग्ध का सुराग नहीं मिला।

# दीपावली पर तीन दिन में निकला 885 टन कचरा, देर रात तक चला उठान

वेलकम इंडिया

**झांसी**। दीपावली पर पिछले तीन दिनों में 885 टन कचरा निकाल है। स्थिति यह रही कि कचरा उठाने के लिए नगर निगम को रात एक बजे तक गाड़ियां चलानी पड़ी।

दीपावली पर घर-घर में साफ-सफाई हुई है। इससे काफी कचरा निकाला है। कूड़ा उठाने के लिए नगर निगम की ओर से ढाई सौ गाड़ियां लगाई गई हैं। यह गाड़ियां रोजाना घर-घर जाकर कूड़ा कलेक्शन करती हैं। बताया गया कि सामान्य दिनों में 190 से 200 टन कचरा महानगर के घरों से निकलता है।




दीपावली पर सफाई के चलते पिछले तीन दिनों में डेढ़ गुना अधिक कचरा निकाला है।

नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर धीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को 294 टन, शनिवार को 296 टन और रविवार को 295 टन कचरा निकला है। इसलिए रात एक बजे तक कूड़े का उठान किया गया। उन्होंने बताया कि कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम का बिजौली में प्लांट बना हुआ है। इसकी क्षमता 320 टीडीपी (टन प्रतिदिन) है। यहीं पर रोजाना निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके निस्तारित कराया जाता है। गीले कचरे का इस्तेमाल खाद बनाने के लिए किया जाता है। जबकि सूखा कचरा सीमेंट फैक्ट्री भेज दिया जाता है, जहां चिमनी जलाने के लिए कोयले के साथ इसका उपयोग होता है।

# स्वास्थ्य दिवस समारोह मनाया वैद्यों का किया सम्मान

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** दुर्गा आयुर्वेद भवन पर स्वास्थ्य दिवस समारोह मनाया गया। इस मौके पर भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर नगर के वरिष्ठ वैद्यों का सम्मान किया गया। अपर बाजार स्थित दुर्गा आयुर्वेद भवन पर विगत वर्षों की भांति आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धन्वन्तरि की पावन जयन्ती के उपलक्ष्य में वैघनाथ स्वास्थ्य दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

दुर्गा आयेर्वेद के प्रबंधक सतीश कुमार माहेश्वरी,अशोक माहेश्वरी,अनिल माहेश्वरी,अनिल माहेश्वरी,रचित माहेश्वरी ने भगवान धन्वन्तरि का पूजा अर्चना कराई। पूजा कराते हुए पंड़ित ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए भगवान धन्वन्तरि की पूजा करनी चाहिए। हमारे जीवन में आयुर्वेद का महत्व है। हमें आयुर्वेद को अपना चाहिए। पूजा अर्चना में विभिन्न आयुवेद कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ वैद्यों को सम्मानित किया गया। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

इस मौके पर पंकज शर्मा, यशपाल, तेजवीर सिंह,आशिष,गणेश शर्मा, अजय ,कमल, अजय शर्मा, बीएन शर्मा, सादाव,डॉ अर्जन शर्मा, वैद्य देवेन्द्र सिंह, वैद्य नवल,वैद्य सांख्यान वैद्य रविदत,डॉ राजेश शर्मा, डॉ राजेश शर्मा, डॉ आर एस राणा आदि उपस्थित थे।

## छत से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल में एक युवक अपने ही मकान की छत से अचानक नीचे जमीन पर गिर गया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्वजन ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डाक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, गांव डांगरोल निवासी 30 वर्षीय सूरज अपने मकान की छत पर टहल रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे जमीन पर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर स्वजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और घायल सूरज को तत्काल सरकारी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मिशन शक्ति 5.0 के उपलक्ष में मुल्तानी मल मोदी कॉलेज में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषय पर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. मुकेश कुमार द्वारा एक विशेष व्याख्यान दिया गया।

मिशन शक्ति 5.0 में महिलाओं की सुरक्षा, उनके स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता, उच्च शिक्षण संस्थानों में एंटी रैगिंग, महिला उत्पीड़न तथा गुड टच एवं बेड टच के बारे में जागरूक किया गया। भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 112 1090 181 एवं 108 के बारे में बताया गया। इसका व्यापक प्रचार प्रसार होना अत्यंत आवश्यक है। कई तरह की जानकारियां देकर महिलाओं को जागरूक किया गया।

# एसीपी उपासना पांडेय ने बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों संग मनाई दीपावली



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दीयों की रौशनी, मिठास और खुशियों के इस पर्व दीपावली पर गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने मानवीय संवेदना की ऐसी मिसाल पेश की जिसने सभी के दिलों को छू लिया। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नंदग्राम उपासना पांडेय ने दीपावली का यह शुभ दिन थाना सिहानीगेट क्षेत्र में निवासरत बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के साथ बिताया, और उनके बीच जाकर खुशियाँ, मिठास और मुस्कान बाँटी। पुलिस बल के साथ एसीपी उपासना पांडेय ने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए बुजुर्गों और परिवारों के घर जाकर मिठाई, उपहार सामग्री और दीप वितरित किए। उन्होंने बच्चों के साथ दीप जलाए, महिलाओं से संवाद किया और क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। पूरा क्षेत्र उस समय भावनाओं से भर उठा जब बुजुर्गों ने पुलिस टीम को अपने बीच देख आशीर्वाद दिया। दीपों की रौशनी के बीच बुजुर्गों के चेहरे की मुस्कान ने पर्व की चमक को और बढ़ा दिया।

क्षेत्र के नागरिकों ने एसीपी उपासना पांडेय की इस संवेदनशील पहल की जमकर प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि उनके इस कदम ने पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम किया है और यह साबित किया है कि पुलिस केवल वर्दी में सख्ती नहीं, बल्कि मानवता और ममता का प्रतीक भी है।

महिलाओं और बच्चों ने पुलिस टीम के साथ सेल्फी लीं, वहीं बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस तरह की पहल से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और अपनापन बढ़ता है। एसीपी उपासना पांडेय ने कहा कि दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह मानवता, सहयोग और संवेदना का प्रतीक है। हमारे समाज में ऐसे अनेक लोग हैं जिनके जीवन में थोड़ी-सी मुस्कान और अपनापन लाने की जरूरत होती है। अगर हम किसी जरूरतमंद के चेहरे पर खुशी ला सकें, तो वही हमारी सबसे बड़ी पूजा और सबसे सच्ची दीपावली है।

पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की संरक्षक नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने वाली एक संवेदनशील संस्था है। हमारी वर्दी का अर्थ सिर्फ अनुशासन नहीं, बल्कि हर नागरिक के प्रति करुणा और कर्तव्यनिष्ठा भी है। दीपावली का यह पर्व हमें सिखाता है कि जैसे एक दीप अनेक दीपों को जलाकर अंधकार मिटा देता है, वैसे ही हम सबको भी दूसरों के जीवन में उजियारा फैलाना चाहिए।

एसीपी उपासना पांडेय ने इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बुजुर्गों का हालचाल पूछा, उनकी कुशलता की जानकारी ली और कहा कि पुलिस केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित परिवार का हिस्सा है। उन्होंने विशेष रूप से क्षेत्र की महिलाओं से संवाद करते हुए सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर चर्चा की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि गाजियाबाद पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा और सम्मान के लिए चौबीसों घंटे तत्पर है।

# दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सुख, समृद्धि एवं आर्थिक सम्पन्नता का पर्व दीपोत्सव मोदीनगर व मुरादनगर में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस बार गृह व नक्षत्रों द्वारा सोमवार व मंगलवार को कार्तिक अमावस्या तिथि बनाए जाने से क्षेत्रवासी संशय की स्थिति में रहे, तथापि अधिकांश लोगों ने सोमवार को ही विधिवत गणेश-लक्ष्मी पूजन कर दीपावली पर्व मनाया। इससे पूर्व रविवार को धनतेरस पर लोगों ने पूजन हेतु गणेश लक्ष्मी, बर्तन, चांदी के सिक्के व अन्य सजावटी सामान की देर रात तक खरीददारी की।

गांधी मार्किट में बिजली के सजावटी सामान व बर्तन विक्रेता संदीप मित्तल, आनंदीपुरा के वस्त्र कारोबारी पं० प्रभुदत्त शर्मा, रूकमणि मार्किट के कपड़ा व्यापारी सुनील चावला के अनुसार त्यौहार पर खरीदारों की अपेक्षा दर्शक ग्राहकों की संख्या अधिक रही।

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी छूट तथा व्यापारियों व जनता को भारी लाभ होने के दावों का कोई विशेष प्रभाव देखने में नहीं आया।

# भाकियू (सर छोटूराम) का रणबीर प्रधान को जिला अध्यक्ष व रविंद्र त्यागी को प्रदेश प्रवक्ता बनाया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम की एक मीटिंग का आयोजन गांव अटौर गाजियाबाद में किया गया। जिसमें रणबीर प्रधान जी को भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम का जिला अध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र त्यागी नासरपुर की घोषणा की गई,। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता कुं अय्यूब अली एडवोकेट, और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने सामूहिक रूप से नियुक्ति पत्र देकर घोषणा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि जिला अध्यक्ष रणबीर प्रधान जी जल्द से जल्द जिले की कमेटी की घोषणा करें और जिले की सभी किसानों मजदूरों की समस्याओं का किसानों के बीच में जाकर समस्याओं का समाधान करें। राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख ने कहा हर नंदीपुरम योजना में किसने की जो जमीन का करार किया जा रहा है उसमें जो 20 परसेंट पैसे काटे जा रहे हैं। वह सरासर सरकार की गलत नीति है । जिसका विरोध किया जाएगा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता कुट्टू अय्यूव अली ने कहां के किसानों का सर्किल रेट बढ़ाया जाए क्योंकि खेती की जो जमीन नगर निगम का क्षेत्र बढ़ाकर सरकार द्वारा लेने की प्रक्रिया की जा रही है। उसे किसानों को नुकसान है अगर सर्कल रेट नहीं बढ़ाया जाता है, तो उसका विरोध किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र ने बताया कि नोएडा में जेवर एयरपोर्ट में हो रहे अधिग्रहण में जो युवा बेरोजगारी की समस्या है। उसके लिए 25 अक्टूबर को जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किसानों की मुलाकात के लिए समय के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के समय। समय न मिलने पर इसका विरोध कर घेराव किया जाएगा, आज की मीटिंग में संजय त्यागी राष्ट्रीय अध्यक्ष जनहित पार्टी, अनीता चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सोनवीर खुटैल राष्ट्रीय सचिन, सतवीर गुर्जर प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रवीण चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सोनवीर सोनू कोषाध्यक्ष, श्याम सिंह चौधरी, प्रमोद चौधरी आदि की उपस्थिति दर्ज रही।

# मातृभूमि सेवा संघ ने शहीद परिवारों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** दीपावली के पावन अवसर पर मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारीगण ग्राम पतला के शहीद विनोद कुमार, ग्राम बसा टीकरी के शहीद अजय कुमार तथा ग्राम पस्तरा के शहीद ललित कुमार के निवास पर पहुँचे। संघ के सदस्यों ने शहीद परिवारों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और शहीदों की वीरता को नमन किया।

विकास भारतीय ने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले ये वीर सपूत राष्ट्र की शान हैं। मातृभूमि सेवा संघ उनके परिजनों के सुख-दुख में सदैव साथ खड़ा रहेगा। दीपावली का सच्चा अर्थ तभी है जब हम अपने वीर सपूतों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान व कृतज्ञता का दीप जलाएँ।

इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी खुशाल नेगी, विकास भारतीय, नीरज शर्मा, पवन चौधरी, सिद्धार्थ ठाकुर, विक्रम सिंह, राजीव सैन, तेजा सिंह, आलोक ठाकुर एवं प्रदीप पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# उधार के पैसे मांगने पर व्यापारी के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** उधार के पैसे मांगने पर व्यापारी के साथ गाली गलौज और मारपीट की घटना से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष कंसल पुत्र गोपाल जिनकी दुकान गोपाल जी ट्रेडर्स के नाम से मोदी बाग के सामने है।

मनीष कंसल ने बताया कि उधार के पैसे मांगने पर बंटी निवासी सीकरी खुर्द ने दुकान पर जाकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। व्यापारी का आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी दी गई। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

आरोपी बंटी उधार सामान लेने के लिए आया। मना करने पर वह गाली-गलौज करने लगा और चला गया। कुछ देर बाद वह अपने साथियों के साथ आया और मनीष कंसल की बेरहमी से पीटा। शोर मचाने पर आसपास के दुकानदार एकत्रित हो गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मंगलवार सुबह व्यापारी एकत्रित होकर कोतवाली पर पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर बंटी निवासी सीकरी खुर्द व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# दीपावली पर्व पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से पूर्व पार्षद कुसुम सिंह और भाजपा नेता एसपी सिंह ने की मुलाकात

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली/ गाजियाबाद।** रक्षामंत्री और किसानों के मसीहा राजनाथ सिंह से दीपावली के पावन अवसर पर पूर्व पार्षद कुसुम सिंह और एसपी सिंह ने मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने रक्षामंत्री को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके कुशल स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने निवास पर आयोजित इस संक्षिप्त मिलन में कहा कि त्योहार केवल व्यक्तिगत आनंद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और सौहार्द बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने कुसुम सिंह और एसपी सिंह की उपस्थिति का स्वागत किया और उनके आशीर्वाद को अपने जीवन के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। पूर्व पार्षद कुसुम सिंह ने कहा कि राजनाथ सिंह न केवल देश के रक्षामंत्री हैं, बल्कि किसानों और आम जनता के लिए एक मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी हैं। उनके नेतृत्व में ही देश और समाज में समृद्धि और सुरक्षा का वातावरण बना है। एसपी सिंह ने भी कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि इस शुभ अवसर पर वे रक्षामंत्री के साथ मिलकर समाज और सुरक्षा व्यवस्था के महत्व पर संवाद कर सके। उन्होंने इस मौके पर सकारात्मक संदेश फैलाने पर जोर दिया और कहा कि दीपावली के समय सभी नागरिकों को शांति, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश देना चाहिए। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दीपावली का पर्व केवल घरों में दीप जलाने तक सीमित नहीं होना चाहिए।

उनका कहना था कि दीपावली का असली अर्थ है दूसरों के जीवन में उजियारा फैलाना, समाज में सहयोग और भाईचारा बढ़ाना। हमें अपने कार्यों और सोच से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के माध्यम से सामाजिक सौहार्द और आपसी समझ को बढ़ाना बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल व्यक्तिगत आनंद बढ़ाता है, बल्कि पूरे समाज को सशक्त और जागरूक बनाता है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व पार्षद श्रीमती कुसुम सिंह और एसपी सिंह के इस संक्षिप्त, लेकिन सार्थक मिलन ने यह संदेश दिया कि त्योहार केवल आनंद और उत्सव का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सौहार्द और सेवा का अवसर भी हैं। जैसे दीप अपने प्रकाश से अंधकार को मिटाते हैं, वैसे ही हमें अपने कर्मों और प्रयासों से दूसरों के जीवन में उजाला फैलाना चाहिए। यही दीपावली का असली संदेश है।

# कुष्ठ आश्रम में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मनाया दीपोत्सव, जरूरतमंदों संग बांटी खुशियां

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दीपावली के पावन अवसर पर गाजियाबाद के नव जीवन कुष्ठ आश्रम में इस बार कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। राज्य मंत्री डॉ. नरेंद्र कश्यप, राज्यमंत्री प्रतिनिधि सौरभ जायसवाल ने यहाँ पहुँचकर आश्रम के निवासियों के साथ दीपोत्सव का उत्सव मनाया और मानवीय संवेदना तथा सामाजिक समरसता की एक मिसाल पेश की। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने आश्रम में रह रहे लोगों के बीच फल, मिष्ठान और वस्त्र वितरित किए, उनके साथ दीप जलाकर इस पावन पर्व की खुशियां साझा कीं। दीपों की जगमगाहट और चेहरों पर मुस्कान ने पूरे वातावरण को आलोकित कर दिया। इस दृश्य ने यह संदेश दिया कि दीपावली का असली अर्थ केवल घरों को सजाना नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में भी खुशियों के दीप प्रज्वलित करना है। दीप वितरण के दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि दीपावली का वास्तविक महत्व तभी है जब हम अपने आसपास के जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियां बाँट सकें। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल रोशनी का त्यौहार नहीं, यह मानवता और प्रेम का पर्व है। जब हम किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, तब यह पर्व अपने सच्चे अर्थों में सार्थक होता है। उन्होंने आश्रम में रह रहे परिवारों से आत्मीय संवाद किया, उनके हालचाल पूछे और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड ? का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को इन विशेष लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए ताकि उन्हें भी जीवन की मुख्यधारा में समान अवसर मिल सकें। कुष्ठ आश्रम में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान दीपों की रौशनी, भजन-संगीत और मिष्ठान वितरण ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंत्री कश्यप ने स्वयं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और सभी निवासियों के साथ मिलकर दीप जलाए। बच्चों और बुजुर्गों ने जब मंत्री के साथ मिलकर दीपावली मुबारक के स्वर लगाए तो पूरा परिसर उल्लास और आत्मीयता से भर उठा।

इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र कश्यप ने गाजियाबाद सहित प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली लेकर आए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ग्रीन दीपावली मनाएं और पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ जरूरतमंदों की मदद करें। मंत्री ने कहा कि हर घर की तरह हर दिल में भी उजाला होना चाहिए।

# छठ महापर्व की तैयारी में जुटा नगर निगम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। दीपावली के समापन के साथ ही अब नगर निगम छठ महापर्व की तैयारी में पूरी तरह जुट गया है। निगम के सभी विभागीय अधिकारी घाटों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए संयुक्त रूप से मैदान में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज कुमार सिंह, और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार ने मंगलवार को हिंडन छठ घाट, इंदिरापुरम, मोहन नगर, वसुंधरा, विजयनगर, कवि नगर और सिटी जोन के प्रमुख घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर निगम द्वारा 70 से अधिक छठ घाटों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार इन घाटों पर सफाई अभियान, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, और पेड़ों की कटिंग जैसे कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। निगम अधिकारियों ने बताया कि छठ पर्व को लेकर भव्य और सुरक्षित वातावरण तैयार करने के लिए सभी विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।

मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि महापौर और नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार सभी घाटों की मरम्मत, घाटों को जाने वाले मार्गों की दुरुस्ती, और रंगाई-पुताई का कार्य जोरों पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी घाटों को पानी से भरने का कार्य कराया जा रहा है। विशेष रूप से हिंडन छठ घाट पर पानी की आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिससे पर्व के दौरान पर्याप्त जल उपलब्ध रहे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि निगम की सफाई टीमें सभी सूचीबद्ध घाटों पर पहले ही स्वच्छता अभियान शुरू कर चुकी हैं। हिंडन घाट सहित प्रमुख स्थलों पर कचरा निस्तारण, मच्छर नियंत्रण, और सैनिटेशन कार्य वृहद स्तर पर किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि दीपावली के बाद नगर निगम ने छठ पर्व की तैयारी में पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व गाजियाबाद में भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा, जिसके लिए सभी विभाग संयुक्त रूप से निरीक्षण और कार्यवाही कर रहे हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य घाट पर 27 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 25 चेंजिंग रूम (टेंट के माध्यम से) और दो कंट्रोल रूम भी बनाए जाएंगे।

इसके अलावा पांच स्थानों पर बड़े पंडाल लगाकर आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि छठ घाटों की तैयारियों में जनप्रतिनिधियों और पार्षदों का विशेष सहयोग मिल रहा है, जो लगातार निगरानी और मार्गदर्शन कर रहे हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि छठ पर्व के आयोजन में सभी विभागों की सामूहिक भागीदारी से गाजियाबाद में एक सुरक्षित, स्वच्छ और सुंदर वातावरण तैयार किया जाएगा। नगर निगम ने कहा कि सभी विभाग निर्माण, स्वास्थ्य, जल, उद्यान और प्रकाश एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। प्रातः से ही अधिकारी टीमों के साथ घाटों का संयुक्त निरीक्षण कर रहे हैं और सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# रणबीर प्रधान बने भाकियू के जिला अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) की एक अहम बैठक का आयोजन मंगलवार को ग्राम अटौर में किया गया। इस बैठक में संगठन ने जिले की नई जिम्मेदारियों की घोषणा करते हुए रणबीर प्रधान को जिला अध्यक्ष और रवींद्र त्यागी नासरपुर को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया। यह घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता कुं. अय्यूब अली एडवोकेट और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह द्वारा सामूहिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान कर की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष रणबीर प्रधान जल्द से जल्द जिले की पूरी कमेटी का गठन करें और किसानों व मजदूरों की हर समस्या के समाधान के लिए मैदान में उतरें। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों की आवाज को गाँव-गाँव तक पहुँचाने का कार्य करेगा। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख ने कहा कि हर नंदीपुरम योजना के अंतर्गत किसानों की जमीनों के करार में 20 प्रतिशत तक की कटौती की जा रही है, जो सरकार की गलत नीति को दर्शाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह नीति वापस नहीं ली गई तो संगठन सड़क से सदन तक विरोध प्रदर्शन करेगा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता कुं. अय्यूब अली एडवोकेट ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों की कृषि भूमि को नगर निगम क्षेत्र में शामिल कर अधिग्रहण की प्रक्रिया चलाई जा रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों की जमीनों का सर्किल रेट तत्काल बढ़ाया जाए, अन्यथा यूनियन प्रदेशभर में आंदोलन छेड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के अधिग्रहण से प्रभावित युवाओं की बेरोजगारी की समस्या को लेकर 25 अक्टूबर को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान संजय त्यागी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, जनहित पार्टी), अनीता चौधरी (प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ), सोनवीर खुटैल (राष्ट्रीय सचिव), सतवीर गुर्जर (प्रदेश उपाध्यक्ष), प्रवीण चौधरी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), सोनवीर सोनू (कोषाध्यक्ष), श्याम सिंह चौधरी, प्रमोद चौधरी आदि। अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि आने वाले समय में यूनियन किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज को और मजबूती से उठाएगी।

# दीपावली के बाद डेढ़ सौ मेट्रिक टन अतिरिक्त कूड़ा एकत्र, निगम ने बढ़ाई सफाई की रफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। दीपावली के शुभ अवसर पर शहर जगमगा उठा और साथ ही नगर निगम ने साफ-सफाई और कूड़ा प्रबंधन में विशेष प्रयास किए। दीपावली महापर्व पर हर घर, हर बाजार और प्रतिष्ठान में सफाई अभियान चलाने के कारण सामान्य मात्रा से लगभग डेढ़ सौ मेट्रिक टन अधिक कूड़ा एकत्रित हुआ। इसे निस्तारित करने के लिए नगर निगम ने कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने का विशेष इंतजाम किया।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि दीपावली के बाद शहर में रोजाना लगभग 1700 मेट्रिक टन कूड़ा एकत्र होता है। इस बार डेढ़ सौ मेट्रिक टन अतिरिक्त कूड़ा जमा हुआ है। नगर निगम ने इसे देखते हुए वार्डों में दो पारियों में कूड़ा संग्रह अभियान चलाया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि दीपावली से पहले सफाई अभियान के अच्छे परिणामों को बनाए रखते हुए, त्योहार के बाद भी सफाई की रफ्तार बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन द्वारा तेजी से किया गया, जिससे शहर की स्वच्छता और सुंदरता बनी रही। नगर आयुक्त ने शहरवासियों की सराहना करते हुए कहा कि इस बार गीला और सूखा कचरा पृथक करने की आदत स्पष्ट रूप से दिखाई दी। वसुंधरा, कवि नगर, मोहन नगर और सिटी जोन में नागरिकों ने डोर टू डोर कलेक्शन वाहनों में कूड़ा पृथक्करण के क्रम में सही तरीके से दिया।

उन्होंने कहा कि शहरवासियों का सहयोग और जनजागरूकता अभियान सफाई के क्षेत्र में सफलता का कारण हैं। प्लास्टिक मुक्त और कूड़ा पृथक्करण को लेकर निरंतर जागरूकता फैलाना हमारी प्राथमिकता है। सभी नागरिकों से अपील है कि इस प्रयास में सहयोग करें।

नगर निगम ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया। सेकेंडरी पॉइंट से भी तेजी से कूड़ा उठाने का कार्य चल रहा है। दिवाली के दौरान सजावट और पैकिंग के कारण अतिरिक्त कचरा उत्पन्न हुआ, जिसे नगर निगम ने विशेष अभियान के तहत उठाया। सफाई मित्रों ने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर निगम ने कहा कि हर घर की सफाई और कचरा प्रबंधन में उनकी भागीदारी सराहनीय है, और शहरवासियों को भी इस प्रक्रिया में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि त्योहार केवल रोशनी और खुशियों का अवसर नहीं हैं, बल्कि शहर की सफाई और सुंदरता बनाए रखने का अवसर भी हैं। हम सभी को गीला और सूखा कचरा अलग करके, प्लास्टिक मुक्त अभियान में सहयोग करना चाहिए। यही नागरिक जिम्मेदारी और स्वच्छता का संदेश है। दीपावली के इस पावन पर्व पर गाजियाबाद नगर निगम और नागरिकों की साझेदारी ने यह साबित किया कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने में प्रशासन और जनता का सहयोग अनिवार्य है। जब हर नागरिक अपने घर और समाज को स्वच्छ रखता है, तभी त्योहार की असली रोशनी पूरे शहर में फैलती है।

# संभव जनसुनवाई में नगर निगम ने सुनी जनता की समस्याएं, चार संदर्भों पर हुई कार्यवाही

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निदेर्शानुसार नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को संभव जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई का उद्देश्य शहरवासियों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एस. के. राय, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, जोनल प्रभारी विजयनगर अमरनाथ, सहायक अभियंता जल शेषमणि यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

सभी अधिकारियों ने मिलकर नागरिकों की समस्याओं को सुना और आवश्यक कार्यवाही की। संभव जनसुनवाई में कुल चार संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें जल विभाग से संबंधित एक, निर्माण विभाग से संबंधित एक तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दो संदर्भ शामिल थे। उपस्थित अधिकारियों की टीम ने सभी मामलों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। नगर निगम की यह तत्परता जनता के बीच विश्वास का प्रतीक बनी हुई है। नंदग्राम ई-ब्लॉक से पानी की पाइपलाइन संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर नगर निगम ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए जलकल विभाग की टीम को मौके पर भेजा। टीम द्वारा निरीक्षण कर पाइपलाइन सुधार का कार्य आरंभ कर दिया गया, जिससे क्षेत्र के निवासियों को शीघ्र राहत मिलने की उम्मीद है। इसी प्रकार सीताराम बाजार वार्ड संख्या 88 से सड़क मरम्मत की शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर निर्माण विभाग को तुरंत कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। विभाग ने स्थल का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि संभव जनसुनवाई के अंतर्गत प्राप्त प्रत्येक संदर्भ पर अविलंब और पारदर्शी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान से ही नगर निगम पर लोगों का भरोसा मजबूत होता है और यह प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। संभव जनसुनवाई में उपस्थित सभी अधिकारी नागरिकों की समस्याओं को लेकर बेहद संवेदनशील नजर आए। सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह ने कहा कि संभव जनसुनवाई का उद्देश्य जनता को सीधा मंच देना है ताकि उनकी शिकायतें बिना किसी विलंब के सुनी जा सकें। उन्होंने बताया कि नगर निगम पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ शहरवासियों की सेवा में लगा हुआ है। नगर निगम की संभव जनसुनवाई अब नागरिकों के लिए एक सशक्त संवाद मंच के रूप में उभर रही है। यह न केवल जन समस्याओं के निस्तारण का माध्यम बन चुकी है, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच भरोसे की कड़ी भी साबित हो रही है। नगर निगम द्वारा निरंतर किए जा रहे ऐसे प्रयास शहर के सुचारू संचालन और नागरिक संतुष्टि की दिशा में एक सराहनीय पहल हैं।

# दिवाली की रात हरिद्वार से छोड़ा गया गंगाजल

**साहिबाबाद**। दिवाली की रात हरिद्वार से गंगाजल छोड़ दिया गया है। मंगलवार रात तक पानी मुजफ्फरनगर तक पहुंच गया था। बुधवार सुबह तक गंगनहर तक पानी पहुंचने की उम्मीद है। शुक्रवार तक इसके प्लांट तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इससे करीब 10 लाख से अधिक लोगों को राहत मिलेगी।

वार्षिक सफाई के लिए दो अक्तूबर दशहरा की रात से गंगनहर का पानी बंद कर दिया गया था। हर साल की तरह इस बार भी वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार के लोगों के त्योहार बिना गंगाजल के बीते और लोगों को पेयजल की काफी समस्या हुई। 240 और 120 एमएलडी के दोनों प्लांट का 25 फीसदी पानी गाजियाबाद के लोगों को मिलता है और बाकी नोएडा को भेजा जाता है। गंगाजल न मिलने के दौरान नगर निगम ने नलकूपों से सिर्फ एक बार पानी की आपूर्ति की वह भी पर्याप्त समय नहीं कर सका। इसकी वजह लोग पानी की किल्लत झेल रहे हैं। टैंकरों से ऊपरी मंजिलों पर पानी चढ़ाने में समस्या हो रही है और जिन इलाकों में भूजल की आपूर्ति हुई, वहां अधिक टीडीएस की समस्या रही।

# फायर ब्रिगेड की सतर्कता से टला बड़ा हादसा, 48 स्थानों पर लगी आग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। दीपावली के दौरान जहाँ शहर दीयों और रोशनी से जगमगा रहा था, वहीं फायर सर्विस विभाग पूरी चौकसी के साथ मुस्तैद रहा। कमिश्नरेट गाजियाबाद में 20 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से लेकर 21 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक कुल 48 फायर कॉल्स प्राप्त हुईं। त्वरित कार्रवाई और सतर्कता के चलते किसी भी घटना में जनहानि नहीं हुई।

फायर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, इन 48 कॉल्स में से 14 कॉल्स मकानों और फ्लैटों में आग लगने की, 07 दुकानों व शोरूम से, 05 फैक्ट्री/गोदाम से, 03 वाहनों में आग, 15 कूड़े-कबाड़ में, 02 कॉल्स ट्रांसफॉर्मर/मीटर या वॉटर कूलर से, और 02 अन्य कॉल्स थीं।

फायर सर्विस की टीमों ने सभी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कम से कम समय में घटनास्थल पर पहुँचकर आग पर नियंत्रण पाया। विभाग की तत्परता और सामूहिक समन्वय ने न केवल आग को फैलने से रोका, बल्कि आसपास के कई भवनों और लोगों की जान-माल को भी सुरक्षित रखा। जनपद में कुल 14 ऐसे हॉटस्पॉट स्थान चिन्हित किए गए थे, जहाँ फायर ब्रिगेड की गाडियाँ पहले से तैनात थीं। इस रणनीति से रिस्पांस टाइम में उल्लेखनीय सुधार हुआ। आग लगने की सूचना मिलते ही टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुँच गई, जिससे नुकसान को न्यूनतम रखा जा सका। मुख्यतः मोहन नगर स्थित अजंता कंपाउंड, साहिबाबाद की एक फैक्ट्री, कोतवाली क्षेत्र के नंदग्राम में पन्नी के गोदाम, और संजय नगर में दुकानों के बाहर खड़ी छह बाइक और स्कूटी में आग लगने की घटनाएँ प्रमुख रहीं। सभी स्थानों पर त्वरित कार्रवाई कर आग को फैलने से रोका गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल ने बताया कि दीपावली के दौरान सभी फायर स्टेशन हाई अलर्ट मोड पर कार्यरत रहे। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा थी और टीम ने तत्परता से कार्य कर एक भी जनहानि नहीं होने दी। सभी अधिकारियों और जवानों ने अपने कर्तव्य का उत्कृष्ट निर्वहन किया। राहुल पाल ने फायर कर्मियों की साहसिकता, अनुशासन और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि दीपावली जैसे त्योहारों पर फायर सर्विस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भविष्य में भी सुरक्षा के नियमों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस को सूचित करें। दीपावली के दौरान गाजियाबाद फायर सर्विस द्वारा दिखाई गई मुस्तैदी ने नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत किया है। स्थानीय निवासियों ने फायर कर्मियों की तेज रफ्तार प्रतिक्रिया और जोखिम उठाने वाले साहसिक प्रयासों की जमकर प्रशंसा की। फायर विभाग की यह त्वरित कार्यशैली एक बार फिर साबित करती है कि संवेदनशील अवसरों पर जब पूरा शहर उत्सव में डूबा होता है, तब फायर सर्विस सतर्क प्रहरी बनकर हर नागरिक की सुरक्षा में जुटी रहती है।

# नंदग्राम में घरेलू विवाद में दो युवकों ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद**। नंदग्राम थानाक्षेत्र में घरेलू विवाद और मानसिक दबाव के चलते दो युवकों ने अपने जीवन का अंत कर लिया। जानकारी के अनुसार, पहले मामला विकलांग कॉलोनी का है, जहाँ रहने वाले 20 वर्षीय अभिषेक ने मंगलवार सुबह जहरीला पदार्थ निगल लिया। सूचना पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और अभिषेक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके भांजे सूरज ने बताया कि दीवाली की रात सभी परिवारजन ने पटाखे फोड़े थे और देर रात सो गए थे। सुबह अभिषेक बिस्तर पर अचेत मिले और उनके मुंह से खून आ रहा था। तत्काल उन्हें मरियम अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें अन्यत्र रेफर किया। अंततः संजय नगर संयुक्त जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभिषेक पेशे से इलेक्ट्रिशियन थे। इसी थानाक्षेत्र का दूसरा मामला नूर नगर, सिहानी का है, जहां 35 वर्षीय कपिल ने दीवाली की रात लगभग 11 बजे फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या की वजह का पता लगाया जा रहा है, जबकि स्वजन ने इस संबंध में कोई शिकायत नहीं दी है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने कहा कि दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस घटना की संपूर्ण जांच कर रही है और आत्महत्या की वजह का पता लगाया जा रहा है। दीवाली के पावन अवसर पर इस प्रकार की घटनाओं ने न केवल परिवारों को हताश किया, बल्कि पूरे इलाके में शोक का माहौल बना दिया।

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में महर्षि दयानन्द का साहित्यिक योगदान विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी संपन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में महर्षि दयानन्द का साहित्यिक योगदान विषय पर मंगलवार को ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह परिषद् का अब तक का 743वां वेबिनार था, जो निरंतर बौद्धिक और वैचारिक चचाओं का प्रतीक बन चुका है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रामचन्द्र, विभागाध्यक्ष (संस्कृत), कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निमार्ता महर्षि दयानन्द सरस्वती ने भारत के गौरव, ज्ञान और वैदिक परंपरा का पुनर्जागरण किया।

उन्होंने वेदों की यथार्थ व्याख्या कर उस गलत व्याख्या का खंडन किया जो शताब्दियों से समाज में भ्रम फैलाए हुए थी। डॉ. रामचन्द्र ने कहा कि महर्षि दयानन्द का सबसे बड़ा योगदान उनके साहित्य में निहित है। उनके द्वारा रचित छोटे-बड़े ग्रंथों की संख्या लगभग 50 है जिनकी कुल पृष्ठ संख्या 20,000 से अधिक है। महर्षि के ग्रंथों को सात मुख्य वर्गों में विभाजित किया जा सकता है। सिद्धांत ग्रंथ, वेद भाष्य ग्रंथ, आध्यात्मिक ग्रंथ, व्याकरण ग्रंथ, दार्शनिक ग्रंथ, मत-मतांतर खंडन ग्रंथ तथा अन्य सामान्य ग्रंथ और पत्र-विज्ञापन। उन्होंने कहा कि 'सत्यार्थ प्रकाशज, 'संस्कार विधिज और 'ऋग्वेदादिभाष्यभूमिकाज महर्षि के प्रमुख ग्रंथ हैं जिन्होंने भारतीय समाज और इतिहास पर अमिट प्रभाव छोड़ा। सत्यार्थ प्रकाश से असंख्य क्रांतिकारियों ने प्रेरणा ली और यह भारत की स्वतंत्रता संग्राम में विचार की लौ बन गया। डॉ. रामचन्द्र ने आगे कहा कि ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका वेदों की सही व्याख्या का अद्भुत ग्रंथ है जबकि संस्कार विधि में जीवन के सोलह संस्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या की गई है। इसके अतिरिक्त गोकरुणानिधि, व्यवहार भानु, आर्योद्देश्यरत्नमाला और आर्याभिविनय जैसे ग्रंथों में महर्षि दयानन्द ने गाय की महिमा, बालकों के संस्कार, शिष्टाचार और ईश्वर भक्ति के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया है। उन्होंने कहा कि उस समय भारत अनेक मत-मतांतरों, अंधविश्वासों और भ्रमों में उलझा हुआ था। महर्षि दयानन्द ने भावगत खंडन और भ्रमोच्छेदन के माध्यम से सत्य के यथार्थ स्वरूप को प्रकाशित किया। पंचयज्ञमहाविधि, स्वमंतव्यामंतव्यप्रकाश और अष्टाध्यायी भाष्य जैसे ग्रंथों के माध्यम से उन्होंने यज्ञ, सिद्धांत और व्याकरण की प्रामाणिक व्याख्या प्रस्तुत की। डॉ. रामचन्द्र ने वर्तमान पीढ़ी से आह्वान किया कि वे महर्षि दयानन्द के ग्रंथों का स्वाध्याय करें क्योंकि यही ग्रंथ अतीत के गौरव को जानने और भविष्य के महान भारत के निर्माण का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि युवा पीढ़ी महर्षि के विचारों को आत्मसात कर ले तो भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आर्य नेत्री चन्द्रकांता गेरा (कानपुर) ने कहा कि महर्षि दयानन्द का साहित्य जीवन की दिशा और दृष्टि देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आर्य समाज के मूल सिद्धांतों का अनुसरण कर समाज सुधार में भूमिका निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश मेहंदीरता ने की। उन्होंने कहा कि महर्षि का साहित्य केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का दर्पण है। गोष्ठी के समापन पर वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि महर्षि दयानन्द का साहित्य भारत की सांस्कृतिक, नैतिक और आध्यात्मिक चेतना का आधार है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं शताब्दी में थे। उनके ग्रंथ राष्ट्र को दिशा देने वाले चिरस्थायी दीपस्तंभ हैं, जिनका अध्ययन हर भारतीय के लिए आवश्यक है।

